रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024

haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी







**साय ने की शांति की अपील, डीजीपी तलब, उपद्रवियों पर सख्ती के संकेत**

# बलौदाबाजार में हिंसा, उपद्रवियों ने कलेक्टर और एसपी आफिस फूंका, गाड़ियों में तोड़फोड़

## देर रात घटनास्थल पहुंचे डिप्टी सीएम विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर से करीब 86 किलोमीटर दूर बलौदाबाजार में प्रदर्शन के दौरान भीड़ अचानक उग्र हो गई। लोग उपद्रव करते हुए कलेक्टर-एसपी कार्यालय पहुंचे और गाड़ियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। तोड़फोड़ करने के बाद कलेक्टोरेट-एसपी कार्यालय और जिला पंचायत कार्यालय में आग लगा दी। पुलिस ने जैसे-तैसे कार्यालय में काम कर रहे कर्मचारी-अधिकारियों को बचाया। उपद्रवियों ने पुलिस को भी नहीं छोड़ा। दर्जनभर पुलिस कर्मी घायल हुए हैं, इनमें दो की हालत ▸▸शेष पेज 6 पर

### न्यायिक जांच का आदेश सीबीआई जांच की मांग

राज्य सरकार ने गिरौदपुरी मामले की संवेदनशीलता को भांपते हुए एक दिन पहले ही न्यायिक जांच करवाने का आदेश दे दिया था। गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा था कि पूरे मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश थे कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली इस घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। यह न्यायिक जांच रिटायर्ड जज अथवा कार्यरत जज से कराई जाएगी। इसे लेकर विजय शर्मा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी पोस्ट किया है। लेकिन दूसरी ओर सतनामी समाज के लोग मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग कर रहे हैं।



**जिले में 16 जून तक धारा 144 लागू**

## सतनामी समाज ने की शांति की अपील



- बाल-बाल बचे सौ से ज्यादा कर्मचारी, 25 पुलिसकर्मी घायल, दमकल गाड़ियों में भी लगाई आग
- आगामी आदेश तक रैली या जुलूस पर बैन पांच से अधिक लोग एक जगह नहीं जुट सकेंगे

### बलौदाबाजार की घटना पर सीएम ने मांगी रिपोर्ट

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बलौदा बाजार जिले में उत्पन्न हुई अप्रिय स्थिति पर आईजी व कमिश्नर



को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव और डीजीपी को तलब कर घटना की प्रारंभिक जानकारी ली एवं घटना की रिपोर्ट भी मंगाई है। ज्ञातव्य हो गिरौदपुरी के अमर गुफा मामले में पूर्व में ही न्यायिक जांच के लिए गृहमंत्री विजय शर्मा को ▸▸शेष पेज 6 पर

### कलेक्टर और एसपी दफ्तर में हड़कंप

जिस वक्त उपद्रवी कलेक्टोरेट और एसपी कार्यालय के साथ जिला पंचायत भवन के सामने गाड़ियों को तोड़ रहे थे उस वक्त वहां बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी काम कर रहे थे। अचानक हुई हिंसा से हड़कंप मच गया। पुलिस ने सूझबूझ दिखाते हुए कर्मचारियों और अधिकारियों को दफ्तर से बाहर निकाला। इसी बीच दोनों दफ्तर पूरी तरह जलने लगे। पुलिस के साथ उपद्रवियों की झड़प हुई। 25 पुलिस कर्मियों के घायल होने की भी खबर है। बलौदाबाजार का कलेक्टोरेट कार्यालय प्रदेश के सबसे सुंदर दफ्तरों में से एक था। वह पूरी तरह खाक हो गया।





### एसएसपी की सूझबूझ से बचीं जानें

भीड़ बेहद उग्र थी और सात से आठ हजार लोगों ने कलेक्टर-एसपी दफ्तर पर धावा बोल दिया। उस वक्त



एसएसपी सदानंद और पुलिस जवानों ने संयम और सूझबूझ का परिचय दिया। दफ्तर में काम कर रहे लोगों को दूसरे रास्ते से सुरक्षित निकाला और उन्हें सुरक्षित जगह पर भेजा गया। उपद्रवियों ने कलेक्टोरेट, एसपी कार्यालय और जिला ▸▸शेष पेज 6 पर

### शांति प्रदर्शन अचानक हुआ उग्र

सोमवार को प्रदेश भर से हजारों की संख्या में सतनाम समाज के लोग पहुंचे थे। लोग शांति पूर्वक प्रदर्शन भी कर रहे थे कि अचानक भीड़ में से कुछ लोग उग्र होने लगे। वे पुलिस को धकियाते हुए आगे बड़े। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पथराव किया और पुलिस के साथ झड़प की गई। दशहरा मैदान में उग्र प्रदर्शन करने के बाद प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की सुरक्षा को भेदकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। यहां कलेक्टर कार्यालय परिसर में खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। बताया गया है कि इस प्रदर्शन में 3 से 4 हजार लोग शामिल थे। लेकिन पुलिस इन लोगों को उस समय रोक नहीं पाई जब वे प्रमुख सरकारी कार्यालयों की ओर बढ़ रहे थे।



### दमकल की गाड़ियों में भी लगाई आग

पुलिस प्रशासन, एवं सरकार बलौदाबाजार में स्थिति को नियंत्रित करने में ताकत झोंक रही है। इसी बीच आग लगाने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां पहुंची। यहां मौजूद प्रदर्शनकारियों ने दमकल की 2 गाड़ियों में आग लगा दी और एक में तोड़फोड़ भी की है। घटना के दौरान कलेक्टर कार्यालय के अंदर 100 से 150 लोग फंसे रहे, जो अपने काम से गए थे। उन्हें पीछे से किचन के रास्ते पुलिस बल ने बाहर निकाला। इन सभी को मैदान में सुरक्षित पहुंचाया गया। कलेक्टर कार्यालय में आग लगने से कई विभागों के दस्तावेज जलकर राख हो गए हैं। वहीं आधा दर्जन से ज्यादा कारें, बाइक भी जला दी गईं। इनमें सरकारी वाहन भी शामिल हैं। इस घटना के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और भाटापारा की ओर जाने वाले मार्ग से लेकर रायपुर की ओर जाने वाले मार्ग के बीच की दुकानों को बंद करवा दिया गया।




### भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है। अगले पांच दिन के दौरान तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ने का अनुमान है। आईएमडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। भारत में अप्रैल और मई महीने में कई दिन तक भीषण गर्मी पड़ी थी और लू चली थी।

# जमीन पर प्रसव, बीएमओ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंबिकापुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

नवानगर पीएचसी में महिला का अस्पताल के अंदर जमीन पर प्रसव होने के मामले को सरकार ने गंभीरता से लिया है। इस लापरवाही को लेकर शासन के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बीएमओ को निलंबित कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि शासन द्वारा यह आदेश देर रात 11 बजे जारी किया गया जिसके बाद स्वास्थ्य महकमें में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई के जरिए सरकार ने यह सन्देश भी दिया है कि मरीजों के स्वास्थ्य से ▸▸शेष पेज 6 पर

## शासन ने की कार्रवाई

- महिला के जमीन पर प्रसव का मामला कार्रवाई से मचा हड़कंप
- शासन द्वारा यह आदेश देर रात 11 बजे जारी किया गया


पीएचसी में प्रसूता ने जमीन पर दिया बच्चे को जन्म

### की गई है कार्रवाई

शासन द्वारा बीएमओ को निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। तात्कालिक व्यवस्था के लिए नवापारा अर्बन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सक को बीएमओ का प्रभार दिया गया है।

- डॉ. आरएन गुप्ता, सीएमएचओ

### हाईकोर्ट ने कहा- काफी खेदजनक

*बिलासपुर। अंबिकापुर में एक स्वास्थ्य केंद्र में फर्श पर महिला द्वारा बच्चे को जन्म देने के मामले में स्वत संज्ञान पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव से हलफनामे पर जवाब तलब किया है। हाईकोर्ट ने कहा कि यदि उपरोक्त स्थिति उप स्वास्थ्य केंद्र, नवानगर, अम्बिकापुर की है तो यह बहुत ही खेदजनक स्थिति है। सचिव को इस* ▸▸शेष पेज 6 पर

**कैमरे में कैद तस्वीर वायरल होने के बाद चर्चा में आई**

# राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण समारोह में दिखा 'तेंदुआ'!

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में रविवार को पीएम नरेन्द्र मोदी और अन्य मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। यूं तो सभी की नजरें शपथ लेने वाले मंत्रियों पर टिकी थीं। मगर इस शपथ समारोह के दौरान कैमरे में कुछ ऐसा कैद हुआ, जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दरअसल मंत्री दुर्गादास की शपथ के बाद राष्ट्रपति भवन में पीछे से कोई जानवर गुजरता दिख रहा है। वीडियो में नजर आ रहे इस जानवर को कोई बिल्ली बता रहा है तो कोई तेंदुआ। सोशल मीडिया पर अब जो वीडियो वायरल हो रहा ▸▸शेष पेज 6 पर

### राष्ट्रपति भवन में कई पशु-पक्षियों का घर

राष्ट्रपति भवन में वनस्पति और जीव-जंतु की बहुत सी प्रजाति मौजूद है। आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रपति भवन कई पशु-पक्षियों का घर है, जिसमें 136 जंगली पौधों की प्रजातियां और 84 पशु प्रजातियां शामिल हैं।



### दिल्ली पुलिस ने किया खुलासा

दिल्ली पुलिस ने इस तरह की खबरों का खंडन करते हुए सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, दिखाए जा रहे तथ्य गलत हैं। कैमरे में जो जानवर कैद हुआ है, वह एक पालतू बिल्ली है। कृप्या इस तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। दिल्ली पुलिस ने अपने दूसरे पोस्ट में लिखा, कुछ मीडिया चैनल और सोशल मीडिया हैंडल कल राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के लाइव प्रसारण के दौरान ली गई एक जानवर की तस्वीर दिखा रहे हैं और दावा कर रहे हैं कि यह एक जंगली जानवर है। यह तथ्य बिल्कुल गलत है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

राष्ट्रपति भवन में कल नरेंद्र मोदी ने पीएम मोदी की शपथ ग्रहण के साथ ही 71 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इस दौरान वहां विदेशों के भी कई शीर्ष नेता मौजूद रहे। वैसे तो शपथ समारोह के लिए सुरक्षा इतनी कड़ी थी कि कोई परिंदा भी पर ना मार सके, लेकिन अचानक से पलभर के लिए दिखा ये जानवर अब लोगों के लिए चर्चा का विषय बन चुका है। यही वजह है कि सोशल मीडिया पर लोग इस जानवर के वीडियो को शेयर भी कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री और उनकी टीम ने बड़ा होमवर्क किया है। कैबिनेट मंत्रियों के अलावा राज्य मंत्रियों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी पिछली सरकार और नई सरकार में कोई फर्क न होने का संदेश दिया है। जबकि पिछली दोनों सरकारों में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के आंकड़े को काफी पीछे छोड़ दिया था। इस बार भाजपा की नहीं बल्कि एनडीए के सहयोग से गठित हुई केंद्र सरकार है। मंत्रिमंडल में विभाग के बंटवारे से प्रधानमंत्री ने संदेश देने की कोशिश की है कि सरकार और एनडीए में सबकुछ ठीकठाक है। उनके रुतबे में कोई फर्क नहीं आया है।

# प्रधानमंत्री मोदी लगातार दे रहे मजबूत सरकार का संदेश, विभागों के बंटवारे ने सभी को चौंकाया

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

### राव इंद्रजीत सिंह
विभाग



सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

हरियाणा में ऐसे पहले राजनेता हैं जो छह बार संसद में पहुंचे।

### डॉ. जितेन्द्र सिंह
विभाग



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री।

### अर्जुन राम मेघवाल
विभाग



कानून एवं न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

2009 में भाजपा से जुड़े और बिकानेर से बने थे सांसद। 1982 में राजस्थान उद्योग सेवा के लिए चुने गए थे।

### जाधव प्रतापराव गणपतराव
विभाग



आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

मराठा चेहरा। शिंदे शिवसेना के गढ़ बुलढाना महाराष्ट्र से चुने गए हैं चौथी मर्तबा सांसद।

### जयंत चौधरी
विभाग



कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

प्रमुख जाट नेता चौधरी चरण सिंह के पोते। पश्चिम उत्तर प्रदेश में प्रभाव।

## राज्य मंत्री

### जितिन प्रसाद
विभाग



वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

ब्राह्मण समुदाय से ताल्लुक, यूपी के ब्राह्मणों को साधने की कोशिश, तीन बार के सांसद

### श्रीपद येसो नाइक
विभाग



ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

2009 से ही श्रीपद नाइक इस सीट पर लगातार जीतते आ रहे हैं। अटल सरकार में नाइक को केन्द्रीय कृषि मंत्री बनाया गया था।

### पंकज चौधरी
विभाग



वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

रिकार्ड सातवीं बार सांसद बने, उत्तर प्रदेश की महाराजगंज सीट से सांसद। ओबीसी वर्ग के कुर्मी वोटों पर मजबूत पकड़। उत्तर प्रदेश में छह फीसदी कुर्मी जाति के मतदाता हैं।

### कृष्ण पाल
विभाग



सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

यह लगातार तीसरा मौका है, जब कृष्ण पाल गुर्जर मंत्री बने। वर्ष 2014 में जब वे पहली बार सांसद निर्वाचित हुए थे, तब उन्हें केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री बनाया गया था।

### रामदास अठावले
विभाग



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

महाराष्ट्र के प्रमुख दलित नेता के रूप में इनकी पहचान है। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष हैं।

### राम नाथ ठाकुर
विभाग



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

प्रसिद्ध समाजवादी नेता, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बेटे। उन्हें यह पद देकर नाई समाज को साधने की कवायद की गई है।

### नित्यानंद राय
विभाग



गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

लगातार तीसरी बार बने हैं सांसद। बिहार भाजपा के रह चुके हैं अध्यक्ष। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं।

### अनुप्रिया पटेल
विभाग



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

मोदी 1.0, मोदी 2.0 में भी मंत्री रहीं। 2014 से यूपी की मिर्जापुर सीट का कर रहीं प्रतिनिधित्व।

### वी. सोमन्ना
विभाग



जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

लिंगायत समुदाय के बड़े नेता। कर्नाटक की प्रमुख जाति है लिंगायत, राज्य की कुल आबादी का 17 फीसदी। तुमकर सीट से चुनकर आए हैं सांसद।

### डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी
विभाग



ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

तेलुगुदेशम पार्टी के कोटे से सांसद बने हैं। पेशे से डाक्टर व उद्योगपति हैं। सबसे अमीर मंत्री। संपत्ति 5700 से भी ज्यादा।

### प्रो. एस. पी. सिंह बघेल
विभाग



मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री।

इसलिए

समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी में रह चुके। अब भाजपा से जुड़े हैं। आगरा सीट से सांसद।

### शोभा करंदलाजे
विभाग



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री।

इसलिए

कर्नाटक भाजपा उपाध्यक्ष। राज्य में भाजपा का प्रमुख महिला चेहरा। उडुपी सीट से सांसद।

### कीर्तिवर्धन सिंह
विभाग



पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में राज्य मंत्री और विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री।

इसलिए

यूपी की प्रसिद्ध गोंडा सीट से जीत कर बने हैं सांसद। मनकापुर राजघराने से आते हैं।

### बी. एल. वर्मा
विभाग



उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

अमित शाह के करीबी। मोदी 2.0 में सहकारिता राज्यमंत्री रहे।

### शांतनु ठाकुर
विभाग



बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

पश्चिम बंगाल में भाजपा का प्रमुख चेहरा। बनगांव से जीता था 2019 का लोकसभा चुनाव। 2024 में भी इसी सीट से मिली है फतह।

### सुरेश गोपी
विभाग



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री और पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता, केरल में पहली बार इनके चलते ही खुला है भाजपा का खाता। ईसाई समुदाय में पैठ।

### डॉ. एल. मुरुगन
विभाग




सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

दक्षिण में भाजपा का चेहरा। 2011 के तमिलनाडु विधानसभा में रामीपुरम सीट से चुनाव भी लड़ा था। जीत नहीं सके थे।

### अजय टम्टा
विभाग



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

23 वर्ष की उम्र में राजनीति शुरू की थी। 9 बार चुनाव लड़ा है। 6 बार जीत हासिल की है। इनके शिक्षा 12वीं तक ही है।

### बंडी संजय कुमार
विभाग



गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

तेलंगाना की करीम नगर सीट से चुने गए हैं भाजपा सांसद। कर्नाटक में पिछले चुनाव की तुलना में ज्यादा सीट जीतने का मिला इनाम।

### कमलेश पासवान
विभाग



ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

चौथी बार बने हैं सांसद। गोरखपुर की बांसगांव है संसदीय सीट। पिता ओमप्रकाश पासवान भी नेता थे। दलित समुदाय में पकड़।

### भागीरथ चौधरी
विभाग



कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

राजस्थान में जाट समुदाय के प्रमुख नेता। जनसंघ के सदस्य और भाजपा के गठन के बाद से ही उससे जुड़े कद्दावर शख्स।

### सतीश चंद्र दुबे
विभाग



कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

ब्राह्मण समुदाय के बड़े नेता। बिहार में वाल्मिकी नगर से चुने गए हैं सांसद। दूसरी बार पहुंचे हैं संसद में। पंचायत अध्यक्ष से राजनीतिक पारी की थी शुरू।

### संजय सेठ
विभाग



रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

बिजनेस क्लास को साधने की कवायद। व्यापारी वर्ग में अच्छा प्रभाव है। रांची से दूसरी बार बने हैं भाजपा सांसद। पहले चुनाव में दिग्गज सुबोधकांत सहाय को किया था परास्त।

### रवनीत सिंह बिट्टू
विभाग



खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

इन्हें मंत्री बनाकर सिख समुदाय को साधने की कोशिश। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते।

### दुर्गादास उइके
विभाग



जनजातीय मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

मध्य प्रदेश के प्रमुख आदिवासी नेताओं में से एक। संघ के करीबी माने जाते हैं। बैतूल से दूसरी बार चुने गए हैं सांसद।

### रक्षा निखिल खडसे
विभाग



युवा मामले और खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

भाजपा के कद्दावर नेता एकनाथ खड़से की बहू। तीन बार महाराष्ट्र की रावेर सीट से बनी है सांसद। 37 साल की उम्र में बनी मंत्री। दूसरी सबसे युवा नेता।

### सुकांत मजूमदार
विभाग



शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री और पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

पश्चिम बंगाल भाजपा के बड़े नेता। प्रदेश अध्यक्ष की संभाल रहे कमान। दूसरी बार पहुंचे हैं संसद। बलूरघाट सीट से जीता है चुनाव।

### सावित्री ठाकुर
विभाग



महिला और बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

आदिवासी चेहरा। भाजपा नेत्री, संघ स्वयंसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में चर्चित। धार मध्यप्रदेश से दूसरी बार बनी है सांसद।

### राज भूषण चौधरी
विभाग



जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

निषाद समुदाय में पकड़। इस समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। इन्हें अजय निषाद की जगह दिया गया था टिकट। बिहार के मुजफ्फरपुर से बने हैं पहली बार सांसद।

### भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा
विभाग



भारी उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

पेशे से बिजनेस मैन। आंध्र प्रदेश की नरसापुर सीट से जीता है चुनाव। लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े।

### हर्ष मल्होत्रा
विभाग



कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

साफ सुथरी छवि, विवादों से दूर रहने वाले नेता के रूप में है पहचान। पूर्वी दिल्ली से सांसद।

### निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया
विभाग



उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

गुजरात, भाजपा की कद्दावर नेत्री। भावनगर से सांसद पहली बार बनी है मंत्री। मेयर रहते सरकारी वाहनों के इस्तेमाल के खिलाफ लिया था फैसला।

### मुरलीधर मोहोल
विभाग



सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री और नागरिक उड्डयन मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

प्रमुख मराठा चेहरा। पहली बार बने हैं सांसद। जीती है पुणे सीट। 2017 में पुणे नगर निगम का नगर सेवक बने। 2019 में बने मेयर।

### जॉर्ज कुरियन
विभाग



अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में राज्य मंत्री और मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

केरल के नेता। ईसाई समुदाय को साधने के लिए पद से नवाजा गया। न राज्यसभा सदस्य, न लोकसभा जीते।

### पबित्रा मार्गेरिटा
विभाग



विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री

इसलिए

असम से राज्यसभा सांसद हैं। पूर्वोत्तर में पकड़ बनाने के मकसद से दिया गया पद। नवंबर 21 से मार्च 22 तक असम सरकार में मंत्री भी रहे।

रायपुर, मंगलवार 11 जून 2024 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पंचमी | वर्ष : 22, अंक : 323 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5.00** haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

# शाह संभालेंगे गृह, राजनाथ फिर बने रक्षामंत्री, शिवराज को कृषि

**छत्तीसगढ़ को पिछले बार की तरह इस बार भी एक राज्यमंत्री की जिम्मेदारी मिली**

**शाह-गडकरी समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं**

**शपथ ग्रहण के 23.30 घंटे बाद हुआ केंद्रीय मंत्रियों के विभागों का बंटवारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रियों के विभागों की सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। पिछली सरकार में भाजपा के पांच प्रमुख मंत्रियों के विभागों को नई सरकार में भी जस का तस रखा गया है। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम शामिल हैं। नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया है। मोदी सरकार 3.0 में कुल मंत्रियों की संख्या 72 होगी, जिसमें 30 मंत्री कैबिनेट का हिस्सा होंगे। कैबिनेट मंत्रियों में 25 भाजपा के हैं। पांच मंत्री पद सहयोगी पार्टियों को दिए गए हैं। स्वतंत्र प्रभार के साथ 5 सांसदों को राज्य मंत्री बनाया गया है, जिनमें तीन बीजेपी, जयंत चौधरी के रूप में एक आरएलडी और प्रतापराव जाधव के रूप में एक शिवसेना से शामिल किए गए हैं।

1 गृह-रक्षा विदेश मंत्रालय पर भाजपा का दबदबा

2 पांच सहयोगी दलों को भी बड़ी जिम्मेदारी

3 अश्वनी वैष्णव को सूचना प्रसारण मंत्रालय भी



## किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी

इससे पहले पीएम मोदी सोमवार सुबह प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला और अपना पहला आदेश जारी किया। उन्होंने जिस पहली फाइल पर साइन किया, वह किसानों को खुश करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी दी। इससे 9 करोड़ से अधिक किसानों को फायदा होगा और करीब 20000 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। किसान सम्मान निधि के तहत हर किसान को साल में तीन बार दो-दो हजार करोड़ रुपए की किस्त दी जाती है। इस फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## छत्तीसगढ़ से तोखन साहू शहरी विकास राज्य मंत्री

पीएम नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में छत्तीसगढ़ को भी जगह मिली है। बिलासपुर से भाजपा सांसद तोखन साहू पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में बतौर शहरी विकास राज्य मंत्री के रूप में काम करेंगे। शपथ ग्रहण से पहले पीएमओ से उनके पास फोन आया था। इसके बाद तोखन साहू प्रधानमंत्री आवास पहुंचे थे। तोखन साहू सांसद बनने के बाद पहली बार लोकसभा में कदम रखेंगे। तोखन साहू पहली बार सांसद

▶▶| शेष पेज 6 पर



### पंच से सांसद तक बनाई नई पहचान

पंच से सांसद तक का सफर तय करने वाले तोखन साहू वर्तमान में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। साहू ने लोरमी के छोटे से गांव सूरजपुरा से 1994 में पंच से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। इसके बाद सरपंच, फिर जनपद सदस्य उसके बाद वर्ष 2013 में लोरमी विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए। इस चुनाव में उन्हें 52 हजार 302 वोट मिले

▶▶| शेष पेज 6 पर

## पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनेंगे, इनमें 'एलपीजी और बिजली' कनेक्शन होंगे

*मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा ऐलान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है। योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सोमवार हुई बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा।*

### बीते 10 वर्षों में 4.21 करोड़ घर बने थे

भारत सरकार ने 2015-16 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू की है। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं।

### शिवराज सिंह चौहान
कृषि और किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री



**इसलिए**

विदिशा से सांसद। मध्यप्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रहे और जनता की नब्ज पकड़ी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से सियासी सफर शुरू किया। वे भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

### राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह
पंचायती राज तथा मत्स्य पालन पशुपालन एवं डेयरी मंत्री



**इसलिए**

मुंगेर से सांसद। नीतीश कुमार के क्लासमेट चौथी बार चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे हैं। चारा घोटाले में लालू यादव के खिलाफ याचिका दायर करने वालों में राजीव रंजन भी रहे।

### राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री



**इसलिए**

लखनऊ से सांसद। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री। राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए भाजपा केंद्र में आई। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में गृहमंत्री रहे। इसके बाद फिर रक्षामंत्री बनाए गए।

### अमित शाह
गृह और सहकारिता मंत्री



**इसलिए**

गांधीनगर से सांसद। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। गुजरात राज्य के गृहमंत्री की कमान संभाली। 2019 में गांधीनगर लोकसभा सीट जीतकर केंद्रीय गृहमंत्री और सहकारिता मंत्री बने।

### नितिन गडकरी
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री



**इसलिए**

नागपुर से जीते। तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। देश में परिवहन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर बार नए प्रयोग कर गडकरी हमेशा चर्चा में बने रहते हैं।

### जेपी नड्डा
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री



**इसलिए**

हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के सदस्य हैं। इससे पहले भी मोदी सरकार में मंत्री रहे। दो कार्यकाल में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जिम्मा संभाला और अब फिर से केंद्रीय मंत्री बनाए गए।

### निर्मला सीतारमण
वित्त और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्री



**इसलिए**

कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य। उन्होंने रक्षा मंत्री, वित्त मंत्री और उद्योग मंत्री का कार्य देखा। मोदी सरकार की तीसरी पारी में फिर से उन्हें वित्त मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

### सर्बानंद सोनोवाल
बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री



**इसलिए**

असम के 14वें मुख्यमंत्री रहे। असम में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखने और मुख्यमंत्री बनने से पहले वो केंद्रीय मंत्रिपरिषद में पूर्वोत्तर के एकमात्र प्रतिनिधि थे।

### डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर
विदेश मंत्री



**इसलिए**

राज्यसभा सदस्य। विदेश सचिव के रूप में अमेरिका, चीन समेत आसियान के बेहद महत्वपूर्ण कूटनीतिक असाइनमेंट पर काम किया। पिछली सरकार ने विदेश मंत्री रहे। एक बार फिर वही मंत्रालय सौंपा गया।


### डॉ. वीरेंद्र कुमार
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री



**इसलिए**

आठवीं बार के सांसद वीरेंद्र कुमार इस बार अपनी परंपरागत टीकमगढ़ सीट से सांसद चुने गए हैं। वे इसके पहले राज्य की सागर संसदीय सीट से भी सांसद रह चुके हैं।

### मनोहर लाल खट्टर
आवास और शहरी मामलों के और बिजली मंत्री



**इसलिए**

करनाल से सांसद। खट्टर ऐसे नेता रहे, जो पहली बार हरियाणा से विधायक चुने जाने के बाद भाजपा ने उन्हें मुख्यमंत्री बना दिया। अब पहली बार सांसद बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में उन्हें जगह मिली है।

### किंजरापु राममोहन नायडू
नागरिक उड्डयन मंत्री



**इसलिए**

टीडीपी सांसद राम मोहन काफी चर्चित नामों में से एक हैं। उनकी उम्र महज 36 वर्ष है। इस तरह वे मोदी 3.0 कैबिनेट में सबसे युवा मंत्री हैं। पिछले बार नागरिक उड्डयन मंत्रालय ज्योतिरादित्य सिंधिया के पास था।

### एच. डी. कुमारस्वामी
भारी उद्योग और इस्पात मंत्री



**इसलिए**

कर्नाटक के कनकपुरा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनकर सियासी सफर शुरू किया। पूर्व पीएम एचडी देवगौड़ा के पुत्र कुमारस्वामी ने सियासी पिच पर लंबी पारी खेली। कर्नाटक के दो बार मुख्यमंत्री बने।

### प्रल्हाद जोशी
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री



**इसलिए**

धारवाड़ से सांसद। कर्नाटक में भाजपा अध्यक्ष रहे। पांच बार के सांसद ने पिछली सरकार में संसदीय मामलों, कोयला और खान मंत्रालय का जिम्मा संभाला था।

### पीयूष गोयल
वाणिज्य और उद्योग मंत्री



**इसलिए**

उत्तर मुंबई से सांसद। महाराष्ट्र के दिग्गज नेता माने जाते हैं। पिछली सरकार में उपभोक्ता, खाद्य व सार्वजनिक वितरण मंत्री, रेल मंत्री और कोयल मंत्री रहे।

### ज्योतिरादित्य सिंधिया
संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री



**इसलिए**

गुना से सांसद। पिछली सरकार में नागरिक उड्डयन मंत्री रहे। इस बार दो बड़े मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है। 2020 में कांग्रेस छोड़ने के बाद पहली बार उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया था।

### भूपेंद्र यादव
पर्यावरण-वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री



**इसलिए**

राज्यसभा सदस्य। उन्हें फिर से वही मंत्रालय सौंपा गया है। भूपेंद्र यादव मात्र सात साल की उम्र में ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे।

### जुएल ओराम
जनजातीय मामले मंत्री



**इसलिए**

ओडिशा के सुंदरगढ़ से सांसद। जुएल उरांव 1999 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रिमंडल में मंत्री रहे। अब मोदी सरकार की तीसरी पारी में एक बार फिर मौका मिला है।


### धर्मेंद्र प्रधान
शिक्षा मंत्री



**इसलिए**

संबलपुर के सांसद। पिछली मोदी सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस तथा इस्पात मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री रहे। कौशल विकास और उद्यमिता विभाग का भी जिम्मा संभाला था। इस बार नई जिम्मेदारी मिली है।

### गजेंद्र सिंह शेखावत
संस्कृति तथा पर्यटन मंत्री



**इसलिए**

राजस्थान के चार सांसदों को मोदी ने मंत्री बनाया है। इनमें शेखावत भी हैं। जोधपुर लोकसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के बाद गजेन्द्र सिंह शेखावत मोदी कैबिनेट में भी मंत्री बनने की हैट्रिक लगाई है।

### अन्नपूर्णा देवी
महिला एवं बाल विकास मंत्री



**इसलिए**

राजद से सफर शुरू किया। निर्मला सीतारमण के अलावा अन्नपूर्णा देवी का नाम चर्चा में बना हुआ है, जिन्हें मोदी सरकार के कैबिनेट में जगह मिली है। वह पिछली मोदी सरकार में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री थीं।

### किरेन रिजिजू
संसदीय कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री



**इसलिए**

अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद। चौथी बार लोकसभा में चुनकर आए हैं। वे स्वतंत्र प्रभार के साथ युवा मामले और खेल राज्य मंत्री), अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री रहे।

### हरदीप सिंह पुरी
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री



**इसलिए**

राज्यसभा सदस्य। पिछले कार्यकाल में वे वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री रहे। वे भारत की तेल कूटनीति का चेहरा माने जाते हैं।

### गिरिराज सिंह
वस्त्र मंत्री



**इसलिए**

बिहार के बेगुसराय से सांसद। मोदी सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह की हैट्रिक पारी। इससे पहले भारत के 23 वें ग्रामीण विकास और पंचायती राज्य विभाग के मंत्री रहे।

### जीतन राम मांझी
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री



**इसलिए**

गया लोकसभा सीट से सांसद और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक हैं। वे बिहार में मुख्यमंत्री रहे। पहली बार लोकसभा का चुनाव जीता और केंद्रीय मंत्री बन गए।

### डॉ. मनसुख मंडाविया
श्रम और रोजगार और युवा मामले और खेल मंत्री



**इसलिए**

गुजरात के पोरबंदर से सांसद। पिछली सरकार में भी वह स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और रसायन और उर्वरक मंत्री के रूप में कार्यरत थे। वे पहले गुजरात से राज्यसभा सदस्य भी रहे।

### जी. किशन रेड्डी
कोयला और खान मंत्री



**इसलिए**

सिकंदराबाद के सांसद। मोदी सरकार में वे केंद्रीय गृह राज्यमंत्री रहे। वे भाजपा के पक्के सिपाही माने जाते हैं। इस बार उन्हें बड़ा मौका मिला है।

### चिराग पासवान
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री



**इसलिए**

बिहार के एलजेपीआर प्रमुख को केंद्रीय मंत्री बनाया गया। पिता राम विलास पासवान ने तीन प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया था। अब सहयोगी दल के रूप में इन्हें मौका मिला है।


### सी. आर. पाटिल
जल शक्ति मंत्री



**इसलिए**

गुजरात भाजपा के अध्यक्ष ने इस बार रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी माने जाते हैं।

### अश्विनी वैष्णव
रेल , सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री



**इसलिए**

एक बार फिर रेल मंत्रालय का जिम्मा। अटल बिहारी वाजपेयी के निज सचिव रहे। आईएएस की नौकरी छोड़कर प्राइवेट जाब किया। उन्हें पिछली बार सूचना और प्रसारण मंत्रालय और आईटी मंत्रालय की भी जिम्मेदारी दी गई थी।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन जरूरी

भारत में केंद्र सरकार के शपथग्रहण कार्यक्रम के दिन ही कश्मीर में आतंकी हमला निश्चित रूप से नापाक साजिश है। गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर में हमले करने वाले आतंकियों के खिलाफ सख्त एक्शन की बात ही है, इसी के साथ सरकार कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान को तेज करेगी। भारत के इस खास दिन को कश्मीर में आतंकी हमला अनायास नहीं है, बल्कि सुनियोजित साजिश है। इस आतंकवादी हमले के पीछे पाक प्रायोजित आतंकवाद की नीति है। इसकी जांच होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में अभी जिस प्रकार शांतिपूर्ण मतदान हुआ, लोगों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया, यह बात आतंक के आकाओं को खली, इसलिए संभवतः उसने राजग सरकार के शपथग्रहण के दिन को अपने आतंकी हमले के लिए चुना। तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया। यह कायराना हरकत है। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक यात्री बस पर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने सोमवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। इस हमले में नौ लोगों की मौत हुई है। उत्तर प्रदेश और दिल्ली के तीर्थयात्रियों को ला रही बस पर रविवार शाम आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया, जिसके कारण वाहन गहरी खाई में गिर गया। बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी और इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकी द्वारा हमला किया गया और 53 सीट वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गई। हमले में शामिल आतंकवादियों के राजौरी और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपे होने की आशंका है। इस इलाके में घने जंगल और गहरी खाइयां हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आतंकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। अब कश्मीर सरकार का दायित्व है कि हमले में लिप्त आतंकियों के खिलाफ एक्शन सुनिश्चित करे। भारत को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान को तेज करना होगा, सीमा पर मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने होंगे। पाक में मौजूद आतंकी अड्डों पर भी एक्शन लेना होगा। सेना को अपने ऑपरेशन क्लीन अभियान को तेज करना चाहिए। वर्ष 2018 में शुरू इस ऑपरेशन क्लीन से आतंकवाद पर काफी अंकुश लगा। हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में बहुत कमी आई है, इसके बावजूद आतंकवाद जड़ से खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान की फौज व खुफिया इकाई आईएसआई घाटी में सीमा पर आतंकवाद को हवा देती रहती हैं, तमाम विफलताओं के बावजूद उन पर कोई असर नहीं हुआ है। वे भारत के खिलाफ नापाक हरकतों में लिप्त रहती हैं। पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने जिस प्रकार पाकिस्तान से आतंकवाद खत्म करने का संकल्प लिया है, अगर पाक सरकार निष्पक्ष भाव से पाकिस्तान से आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाए, आतंकियों का खत्मा करे, तो इससे पाकिस्तान की छवि ही सुधरेगी। भारत सहयोग भी करेगा, पर देखने वाली बात है कि क्या वह सिलेक्टिव रहेगी और क्या वह अपनी फौज व आईएसआई को आतंकवाद के खात्मे के लिए सहयोग देने के प्रति तैयार कर पाएगी। पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। भारत को कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए आरपार की तैयारी के साथ बड़ी कार्रवाई करनी होगी।



# गठबंधन की पहली परीक्षा में पास

**मोदी 3.0**
राज कुमार सिंह

चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार गठबंधन राजनीति के माहिर के सौदेबाज माने जाते हैं। इस लिहाज से नौ जून की शाम प्रधानमंत्री मोदी के साथ शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि वह अपनी पहली परीक्षा में सफल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद थे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर किसी तरह की कोई नाराजगी सामने नहीं आई। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे कहीं ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है।

आखिरकार नरेंद्र मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 1952,1957 और 1962 में लगातार तीन बार देश की सत्ता संभाली थी। 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने नौ जून की शाम राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले कर पंडित नेहरू का लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बराबर कर लिया। 2014 और 2019 में अकेले दम बहुमत मिल जाने के बावजूद भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ एनडीए सरकार बनाई थी, पर इस बार बहुमत के आंकड़े से 32 सीटें पीछे छूट जाने के चलते गठबंधन सरकार मजबूरी बन गई। मजबूरी ज्यादा बड़ी सिर्फ इसलिए नहीं है कि इस बार भाजपा के पास अपना बहुमत नहीं है, बल्कि गठबंधन में चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे सहयोगी भी हैं, जो गठबंधन राजनीति के माहिर के सौदेबाज माने जाते हैं। इस लिहाज से नौ जून की शाम प्रधानमंत्री मोदी के साथ शपथ लेनेवाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि वह अपनी पहली परीक्षा में सफल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद थे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर किसी तरह की कोई नाराजगी सामने नहीं आयी।

हां, एनसीपी के अजित पवार गुट के मोदी मंत्रिमंडल में शामिल न होने से अवश्य महाराष्ट्र की भावी राजनीति को ले कर कुछ कयास लगाये जा सकते हैं। मात्र एक लोकसभा सीट जीत पाए उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री पद का ऑफर दिया गया था, जिसे अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल ने अपना डिमोशन बताते हुए अस्वीकार कर दिया। एक लोकसभा सीट के बल पर अजित पवार सौदेबाजी कर पाने की स्थिति में नहीं। सो, मोदी सरकार में उनकी एनसीपी की कोई हिस्सेदारी नहीं, पर इस सबका इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव वाले महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि उनके गुट के एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकों के शरद पवार से संपर्क में होने की खबरें हैं। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे कहीं ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन कम से कम लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है। महाराष्ट्र से कुल छह मंत्री बनाये गए हैं, जिनमें भाजपा की रक्षा खड़से भी शामिल हैं, जिनके श्वसुर एकनाथ खड़से फिलहाल शरद पवार की एनसीपी के एमएलसी हैं, पर जल्द अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में वापसी करने वाले हैं। हरियाणा में भी इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं, जहां से एक कैबिनेट मंत्री समेत कुल तीन मंत्री बनाये गए हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में हैं। वहां से एक राज्यमंत्री बनाया गया है। तीसरी बार सांसद बने भोजपुरी गायक मनोज तिवारी चूक गये, लेकिन पहली बार सांसद बने हर्ष मल्होत्रा की लॉटरी खुल गयी।



मोदी सरकार में इस बार प्रधानमंत्री के अलावा 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 राज्यमंत्रियों समेत कुल 71 मंत्री शामिल हैं। राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल जैसे पुराने चेहरे तय माने जा रहे थे, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सभी 29 लोकसभा सीटें जिताने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रूप में कुछ नए चेहरे भी शामिल हुए हैं। इस बार मोदी मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या पांच है। जीतन राम मांझी, सर्बानंद सोनोवाल और एचडी कुमारस्वामी भी क्रमशः बिहार, असम और कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जेपी नड्डा को मंत्री बनाये जाने के चलते भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना होगा। वैसे भी लोकसभा चुनाव के चलते बढ़ाया गया नड्डा का कार्यकाल इसी महीने जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा के मंत्री बनने के चलते ही शायद अनुराग सिंह ठाकुर का पत्ता इस बार कट गया है। मात्र चार लोकसभा सीटों वाले हिमाचल प्रदेश से एक से ज्यादा कैबिनेट मंत्री बनाये जाते तो अन्य बड़े राज्यों में असंतुलन पैदा हो जाता। पिछली सरकार के सक्रिय मंत्रियों में शुमार अनुराग ठाकुर बड़बोले माने जाते हैं, पर आधुनिक राजनीति में वह तो नेता के पक्ष में जाता है। यह देखना होगा कि भविष्य में अनुराग ठाकुर को क्या जिम्मेदारी दी जाती है। एक और बड़बोली मंत्री स्मृति ईरानी भी इस बार मोदी सरकार में नहीं हैं। पिछली बार राहुल गांधी को अमेठी से हरा कर चर्चा में आयीं स्मृति ईरानी इस बार कांग्रेस के एक अल्पज्ञात कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा से हार गयीं। वैसे ऐन चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ कर आये लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू इस बार चुनाव हार जाने के बावजूद मोदी सरकार में राज्य मंत्री बनाये गये हैं। शायद भाजपा रवनीत सिंह बिट्टू को पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में आगे बढ़ाना चाहती है। बिट्टू आतंकवाद से संघर्ष में शहीद हुए पंजाब के कांग्रेसी मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र हैं। इसी रणनीति के तहत केरल में भाजपा का खाता खोलने वाले अभिनेता से राजनेता बने सुरेश गोपी को भी मंत्री बनाया गया है।

वैसे आंकड़ों की बात करें तो चुनाव हार जाने समेत कई कारणों से पिछले मोदी मंत्रिमंडल के कुल 37 चेहरों को इस बार बाहर का रास्ता दिखाया गया है, जबकि 33 नये चेहरों की एंट्री हुई है। नये चेहरों में सहयोगी दलों के चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी शामिल हैं। पिछली सरकार में चाचा पशुपति पारस को सत्ता सुख देने वाली भाजपा ने इस बार भतीजे चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी से गठबंधन किया था। लोक जनशक्ति बिहार में गठबंधन में मिली सभी पांच लोकसभा सीटें जीत गयी तो चिराग कैबिनेट मंत्री बना दिये गये, जबकि उत्तर प्रदेश में गठबंधन में मिली दोनों लोकसभा सीटें जीतने पर जयंत के हिस्से स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का पद ही आया। राज्यवार देखें तो बिहार के कुल आठ मंत्रियों में से चार कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के नौ मंत्रियों में से अकेले राजनाथ सिंह कैबिनेट मंत्री हैं। वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही सांसद हैं। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात से भी कुल छह मंत्री बनाये गये हैं। इस बार मोदी मंत्रिमंडल के कुल 72 सदस्यों में से लगभग दस प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय से 42 मंत्री बनाये गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**राजग सरकार**
आर.के. सिन्हा



# भाजपा जानती है गठबंधन धर्म

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं - बहुमत से 32 कम। एनडीए में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने।

अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नाडीज जैसे जननेता भी शामिल थे। जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधानमंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया। 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं।

लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया। 1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहेः 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया व अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी।

मोदी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही, पर अब इंडिया गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिल कर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ज्ञान का अभिषेक



संकलित
**दर्शन**

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

## मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
**प्रेरणा**

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जल्दी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सरकार के साथ मजबूत विपक्ष भी समझे जिम्मेवारी

एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद पर विराजमान हो गए और यह इनका लगातार तीसरा कार्यकाल आरंभ हो रहा है। इसलिए यह नई सरकार नहीं, बल्कि पुरानी ही सरकार है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में देश के हर वर्ग के अच्छे दिन लाने के प्रयास करेंगे, ऐसा कोई फैसला नहीं लेंगे जिससे किसी भी वर्ग को कोई नुकसान हो। लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि होती है। सभी राजनीतिक दलों को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में जिन राजनीतिक दलों को जीत हासिल हुई है, उन्हें बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के आमजन के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए। *- विमल जैन, भिलाई*


## ट्रेंड

### मोदी को बधाई



श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। आपको सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं। हमारा देश आपके नेतृत्व में विकास की नयी ऊंचाइयों को छुएं।
-नवीन पटनायक, निवर्तमान मुख्यमंत्री, ओडिशा

### अब रोजगार पर ध्यान दे



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना चाहिए, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में..।
-राजीव कुमार, नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन

### जनगणना जल्द हो



केंद्र सरकार हर 10 साल में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक देशव्यापी जनगणना करवाती है। पिछले रिकॉर्ड के हिसाब से जनगणना 2021 में होनी थी। लेकिन अब तक नहीं करवाया है। अब होनी चाहिए।
-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

### पीएम को बधाई



आंध्र प्रदेश की जनता की ओर से मैं मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई देता हूं। यह राष्ट्र के लिए विकास, प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।
-एन चंद्रबाबू नायडू, टीडीपी प्रमुख

## करंट अफेयर

### यूक्रेन शांति सम्मेलन में 90 देशों के भाग लेने की पुष्टि



दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यहां सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित 'यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन' में करीब 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। सम्मेलन में भाग लेने से रूस के इनकार करने के बावजूद इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने वाले देशों में से आधे से अधिक राष्ट्र यूरोप से हैं। एमहर्ड ने स्विटजरलैंड की राजधानी में कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू करने के करीब 28 महीने बाद शनिवार और रविवार को आयोजित शिखर सम्मेलन का लक्ष्य संभावित शांति का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने कहा, 'यह दुष्प्रचार नहीं है। यह स्विटजरलैंड द्वारा मुहैया की जा रही मानवीय सहायता के मुद्दे पर और वार्ता की पहले करने के बारे में है।' स्विस अधिकारियों ने बताया कि ब्राजील और चीन ने कहा है कि वह तब तक भाग नहीं लेंगे, जब तक कि रूस सहित दोनों पक्ष वार्ता की मेज पर नहीं आते। स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके देश ने बार-बार कहा है कि रूस के बिना शांति प्रक्रिया नहीं हो सकती।

## ऑफ बीट

### सूर्य से प्रभावित अंतरिक्ष क्षेत्र को कहते हैं हेलियोस्फीयर



सूर्य पृथ्वी को गर्म करता है, जिससे यह इनसानों और बाकी तमाम जीवों के लिए रहने योग्य बन जाती है। लेकिन यही सब कुछ नहीं है, और सूर्य अंतरिक्ष के बहुत बड़े क्षेत्र को प्रभावित करता है। हेलियोस्फीयर, सूर्य से प्रभावित अंतरिक्ष का क्षेत्र, सूर्य से पृथ्वी की दूरी से सौ गुना अधिक बड़ा है। सूर्य एक तारा है जो लगातार प्लाज़्मा - अत्यधिक ऊर्जावान आयनित गैस - की एक स्थिर धारा उत्सर्जित करता है जिसे सौर पवन कहा जाता है। निरंतर सौर हवा के अलावा, सूर्य कभी-कभी प्लाज्मा के विस्फोट भी छोड़ता है, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन कहा जाता है, जो अरोरा में योगदान कर सकता है, और प्रकाश और ऊर्जा के विस्फोट, जिन्हें फ्लेयर कहा जाता है। सूर्य से निकलने वाला प्लाज्मा सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र के साथ-साथ अंतरिक्ष में फैलता है। साथ में वे आसपास के स्थानीय अंतरतारकीय माध्यम के भीतर हेलियोस्फीयर बनाते हैं - प्लाज्मा, तटस्थ कण और धूल जो तारों और उनके संबंधित खगोलमंडल के बीच की जगह को भरते हैं। मेरे जैसे हेलियोफिजिसिस्ट हेलियोस्फीयर को और इस बात को समझना चाहते हैं और यह अंतरतारकीय माध्यम के साथ कैसे संपर्क करता है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# शहजादा के लिए कार्तिक ने नहीं ली थी कोई फीस

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन इन दिनों जमकर अपनी फिल्म चंदू चैंपियन का प्रमोशन कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन अगले हफ्ते 14 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अब कार्तिक आर्यन ने स्टार्स और उनकी फीस को लेकर बात की है। कार्तिक आर्यन ने इंटरव्यू में खुलासा किया है कि उन्होंने शहजादा के लिए कोई फीस चार्ज नहीं की थी। इसके बदले में उनका नाम प्रोड्यूसर में दिया गया था। एक शो शोशा को दिए इंटरव्यू में कार्तिक ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल आई एक्शन कॉमेडी फिल्म 'शहजादा' में काम करते समय अपनी फीस छोड़ने का फैसला किया था।

लाइफ Style



# नेहा
## फोटो लेने पर लगाई पैपराजी की क्लास

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भले ही फिल्मों में कम नजर आती हो, लेकिन अपने लुक्स को लेकर वो सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। वहीं पैप्स भी एक्ट्रेस को कैमरे में कैद करने का मौका नहीं छोड़ते। ऐसे में कई बार वो अजीबोगरीब से ली गई फोटोज को भी इंटरनेट पर अपलोड कर देते हैं।

अब पैपराजी की इसी हरकत पर नेहा शर्मा ने उनको जमकर फटाकार लगाई। हाल ही में मीडिया से बात करते हुए नेहा शर्मा ने कहा कि, वो कई बार ना चाहते हुए भी पैपराजी के कैमरों में कैद होती हैं। इससे उन्हें ऐसा फील होता है कि उनकी प्राइवेसी छिन गई है। वहीं पैपराजी के गलत एंगल्स से खींची गई तस्वीरों के बारे में बात करते हुए नेहा ने कहा कि, 'एक महिला होने के नाते हम कई बार अपने तरीके से तैयार होना चाहते हैं, लेकिन हमारी ये आजादी छिन गई है। नेहा ने कहा कि अगर आप एक पब्लिक फेस हो तो आपको ये भी ध्यान रखना पड़ता है कि चीजें हद से आगे ना चली जाए। वहीं पैप्स पर बात करते हुए नेहा ने ये भी कहा कि, हम जानते हैं कि पैपराजी का घर तस्वीरों और वीजियोज से ही चलता है। इसके लिए वो कड़ी धूप में मेहनत करते हैं। मगर उन्हें किसी की प्राइवेसी छीनने का हक नहीं है। नेहा शर्मा ने अपना एक्टिंग करियर फिल्म 'क्रूक' से शुरू किया था। जिसमें वो इमरान हाशमी के साथ नजर आई थी। वहीं इन दिनों एक्ट्रेस ओटीटी पर जलवे बिखेर रही हैं। हाल ही में उनकी सीरीज 'इलीगल' का तीसरा सीजन रिलीज हुआ है। अब जल्द ही वो '36 डेज' में दिखाई देंगी।

## हॉलीवुड मसाला




# 'डेडपूल एंड....' में दिखी लेडी डेडपूल

**लॉस एंजिलिस।** 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' का नया ट्रेलर एक चौंकाने वाला रहस्योद्घाटन भी लाता है जिसके बारे में काफी समय से अटकलें लगाई जा रही थीं। बेस्टफ्रेंड डे के मौके पर जारी किए गए इस एक मिनट के ट्रेलर में लेडी डेडपूल का एक छोटा सा अंश देखने को मिला है जो अटकलों की पुष्टि करता है। अब जो चीज इसे और अधिक दिलचस्प बनाती है वह यह है कि लेडी डेडपूल के लिए ब्लेक लाइवली का नाम सामने आ रहा है।




# 'बैड बॉयजः राइड...' ने छुआ 100 मिलियन डॉलर का आंकड़ा

**लॉस एंजिलिस।** विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेन्स की फिल्म 'बैड बॉयजः राइड ऑर डाई' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म सात जून को रिलीज हुई थी और पहले वीकेंड में इसने $100 मिलियन (भारतीय मुद्रा में लगभग 835 करोड़ रुपए) से ज्यादा का कारोबार कर लिया है। ध्यान रहे कि यह आकंड़ा वैश्विक स्तर पर हुई कमाई का है। 'बैड बॉयजः राइड ऑर डाई' की अभी तक की कुल कमाई की बात करें तो फिल्म $104.6 मिलियन (भारतीय मुद्रा में लगभग 873 करोड़ रुपए) कमा चुकी है। इसमें से $48.6 मिलियन (भारतीय मुद्रा में लगभग 405 करोड़ रुप रुपए) की कमाई अंतरराष्ट्रीय बॉक्स ऑफिस पर हुई है। बता दें कि यह 'बैड बॉयज' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म है। इसका पहला भाग साल 1995 में रिलीज हुआ था।



# 'इनसाइड आउट-2' की एडवांस बुकिंग शुरू

**मुंबई।** पीट डॉक्टर के निर्देशन में बनी फिल्म 'इनसाइड आउट' को दर्शकों का खूब मिला था। यह फिल्म 19 जून, 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब दर्शक 'इनसाइड आउट' की दूसरी किस्त का इंतजार कर रहे है, जो जल्द खत्म होने वाला है। दरअसल, लगभग 9 साल बाद 'इनसाइड आउट 2' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। यह फिल्म 14 जून को रिलीज होगी। अब अनन्या पांडे ने 'इनसाइड आउट 2' का नया प्रोमो जारी किया है। अनन्या ने हिंदी संस्करण में दी अपनी आवाज अनन्या ने प्रोमो जारी करते हुए बताया कि 'इनसाइड आउट 2' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म अनन्या के लिए बेहद खास है, क्योंकि उन्होंने 'इनसाइड आउट 2' के हिंदी संस्करण को अपनी आवाज दी है।



# जॉन की 'वेदा' का 'पुष्पा-2' से होगा सामना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम को आखिरी बार शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म 'पठान' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब प्रशंसा हुई। अब जॉन फिल्म 'वेदा' में नजर आएंगे। अब बॉक्स ऑफिस पर 'वेदा' का सामना अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पाः द रूल' से होगा। जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा में शरवरी वाघ भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह जॉन और शारवरी का पहला सहयोग है। अब निर्माताओं ने 'वेदा' की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। इसके साथ फिल्म का नया पोस्टर भी सामने आ चुका है। 'वेदा' 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। पहले यह फिल्म 12 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

## टीवी मसाला



# 'नागिन' नहीं, इन शो से 'टीवी क्वीन' बनीं एकता कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड के 'जम्पिंग जैक' जितेंद्र की बेटी एकता कपूर 'टीवी क्वीन' कही जाती हैं। टीवी की दुनिया में क्रांति लाने का श्रेय एकता कपूर को जाता है। उन्होंने अपने सीरियल्स से दर्शकों के दिलों पर ऐसी छाप छोड़ी कि आज वह टीवी का पर्याय बन गई हैं। एकता कपूर ने अपने करियर के दौरान कई सीरियल्स बनाए हैं. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने लगभग 130 सीरियल्स को प्रोड्यूस किया है। आज आपको एकता कपूर के ऐसे सीरियल्स के बारे में बताने जा रहे हैं जो उनके लिए ही नहीं, टीवी जगत के लिए भी बेहद खास रहे हैं।

***सबसे लोकप्रिय रहा हम पांच*** : एकता कपूर के करियर में सीरियल 'हम पांच' की जगह कोई और शो कभी नहीं ले सकता है। ये एकता का पहला शो था और इस शो के साथ ही उन्होंने टीवी की दुनिया में कदम रखा था। इस शो के किरदार और कहानी से मिडिल क्लास परिवारों ने खूब रिलेट किया था। इस शो का पहला सीजन 5 साल तक चला था।

***कसौटी जिंदगी ने चमकाई श्वेता की किस्मत*** : 'कसौटी जिंदगी की' - ये सीरियल टीवी के सबसे आइकॉनिक सीरियल में शामिल है। इस सीरियल में श्वेता तिवारी लीड रोल में नजर आई थीं। 'कसौटी जिंदगी की' में प्रेरणा का किरदार निभा श्वेता तिवारी रातों-रात स्टार बन गई थीं।

***अव्वल रहे कुटुम्ब और कुसम*** : एकता कपूर 'कुटुम्ब' और 'कुसुम' नाम के दो शोज लाई थीं, उनके दोनों ही सीरियल टीआरपी के मामले में अव्वल रहे थे। शो 'कुटुम्ब' में हितेन तेजवानी और गौरी प्रधान ने लीड रोल निभाया था। इस शो के सेट पर ही इस कपल की लव स्टोरी की शुरूआत भी हुई थी।

***क्योंकि सास भी कभी बहू थी ने बनाई घर-घर में पहचान*** : 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी'- 2000 में टेलीकास्ट होने वाले इस सीरियल ने पर्दे पर धमाल मचा दिया था। ज्वॉइंट फैमिली पर आधारित इस शो को काफी पसंद किया गया था। यह उस वक्त के हाइएस्ट टीआरपी वाले शोज की फेहरिस्त में शामिल था। 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' पहला इंडियन शो था जिसने एक हजार एपिसोड पार किए थे और इस कामयाबी के चलते शो का नाम 'लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' में दर्ज है।

***जबर्दस्त हिट रहा बड़े अच्छे लगते हो*** : राम कपूर और साक्षी तंवर का शो 'बड़े अच्छे लगतो हो' जबरदस्त हिट था. ये शो इतना पसंद किया गया था कि कई साल बाद इसका सीक्वल भी आया था। साथ ही इस शो को अन्य भाषा में डब भी किया गया था।

***टीआरपी में शीर्ष पर रहा ये हैं मुहब्बतें*** : 'ये हैं मोहब्बतें' में दिव्यांका त्रिपाठी और करण पटेल ने लीड रोल निभाया था। इन दोनों लोकप्रिय एक्टर्स स्टारर इस शो ने जबरदस्त टीआरपी हासिल की थी और ये सीरियल कई साल तक चला था।

# सांसद बनने के बाद इन 5 फिल्मों में नजर आएंगी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत अब भारतीय जनता पार्टी की ओर से सांसद भी बन चुकी हैं। अब उनकी पहचान एक्ट्रेस के अलावा नेत्री के रूप में भी हो रही है। लोकसभा चुनाव में उन्होंने मंडी सीट से शानदार जीत हासिल की है। अब वे एक साथ दो-दो जिम्मेदारियां निभाती हुई नजर आएंगी। लंबे समय से एक्ट्रेस चुनाव में व्यस्त थीं। हालांकि अब चुनाव खत्म होने के बाद एक्ट्रेस अपनी आगामी फिल्मों की शूटिंग भी शुरू करेंगी। वे आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। एक्ट्रेस की 5 अपकमिंग फिल्में बॉक्स ऑफिस पर गदर काट सकती हैं।



***'मणिकर्णिका रिटर्न्स'*** : 'मणिकर्णिका' में कंगना रनौत ने एक बार फिर से फैंस का दिल अपनी बेहतरीन अदाकारी से जीत लिया था। उनकी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। इसके बाद 'मणिकर्णिका रिटर्न्स' का भी ऐलान कर दिया गया था। फैंस उनकी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि यह फिल्म कब रिलीज होगी इसे लेकर फिलहाल कोई अपडेट नहीं है।

***तनु वेड्स मनु 3*** : साल 2010 में आई तनु वेड्स मनु ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। इसके बाद साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स ने भी फैंस का खूब मनोरंजन किया। वहीं लंबे समय से फैंस को तनु वेड्स मनु 3 का इंतजार है। बता दें कि इस फिल्म को लेकर बहुत पहले ऐलान कर दिया गया था।

***इमरजेंसी*** : कंगना ने खुद इस फिल्म का निर्देशन किया है। इमरजेंसी में कंगना रनौत भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी के रोल में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म उस घटना पर आधारित है जब इंदिरा गांधी पीएम थीं और देश में साल 1975 में 'इमरजेंसी' लगी थी। इस फिल्म में कंगना के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और महिमा चौधरी जैसे सितारें भी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। इस फिल्म के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की है। यह उनके ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है।


***इमली*** : आने वाले दिनों में बड़े पर्दे पर कंगना रनौत और राजकुमार राव की जोड़ी देखने को मिल सकती है। दोनों कलाकार फिल्म 'इमली' में साथ काम करेंगे। हालांकि दोनों की इस फिल्म को लेकर कोई नया अपडेट फिलहाल मौजूद नहीं है।

***सीता*** : कंगना की अपकमिंग फिल्मों में 'सीता' भी शामिल है। कंगना की इस फिल्म का पोस्टर पहले ही जारी कर दिया गया था। इस फिल्म का निर्देशन अलौकिक देसाई करने वाले हैं। फिलहाल फिल्म पर काम चल रहा है।

**अनुराग कश्यप की वेब सीरीज 'बैड कॉप' का ट्रेलर जारी** : मुंबई। प्रसिद्ध निर्देशक और अभिनेता अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी वेब सीरीज 'बैड कॉप' को लेकर खबरों का हिस्सा बने हुए हैं। दिग्गज अभिनेता गुलशन देवैया भी इस सीरीज में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने 'बैड कॉप' का दमदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें अनुराग का खूंखार अवतार दिख रहा है तो वहीं पुलिस की वर्दी में गुलशन जबरदस्त एक्शन करते नजर आ रहे हैं। 'बैड कॉप' की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है।

# शरवरी वाघ की 'मुंज्या' में नजर आए वरुण ....

**नई दिल्ली।** शरवरी वाघ की फिल्म 'मुंज्या' सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसे समीक्षकों के साथ दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। इस फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। दिनेश विजान इस फिल्म के निर्माता हैं। 'स्त्री' और 'भेड़िया' के बाद यह उनकी तीसरी हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। 'मुंज्या' में अभय वर्मा, मोना सिंह और एस सत्यराज भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा 'मुंज्या' में दिग्गज अभिनेता वरुण धवन ने मेहमान (कैमियो) की भूमिका निभाई है।



**क्या 'भेड़िया' का आएगा सीक्वल?** : 'मुंज्या' ने वरुण अपनी फिल्म 'भेड़िया' के किरदार में नजर आए हैं। छोटे किरदार में उन्होंने पर्दे पर धमाल मचा दिया है। यह इस बात का भी संकेत देता है कि 'भेड़िया' के सीक्वल की उम्मीद की जा सकती है। इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। साल 2022 में आई फिल्म 'भेड़िया' ने बॉक्स ऑफिस पर 90 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कृति सैनन, अभिषेक बनर्जी, दीपक डोबरियाल और पालिन कबाक भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

**जल्द 'बेबी जॉन' में नजर आएंगे वरुण** : वरुण इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। दरअसल, अभिनेता पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी और फैशन डिजाइनर नताशा दलाल ने एक प्यारी बेटी को जन्म दिया है। इसके अलावा वरुण अपनी फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग में भी व्यस्त हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान एटली ने संभाली है, जिन्होंने बीते साल 'जवान' जैसी सुपरहिट फिल्म दी थी। 'बेबी जॉन' में वरुण की जोड़ी पहली बार वामिका गब्बी के साथ बनी है।





फादर्स-डे, 16 जून स्पेशल

आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

# कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे

बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाती है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देती है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह



हर पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

## करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

## बनते हैं सुरक्षा कवच



जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

## रखते हैं पूरा ध्यान

वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।

## बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।



## वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

## बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।*

नया दौर / रेखा शाह आरबी

# अमूल्य है पिता का प्यार

जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

**पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी:** आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।



**पिता का महत्व:** हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

**त्याग की मूर्ति:** मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

**पिता में भी होती है ममता:** अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।*




भावानुभूति / मेघा राठी

# मेरे पापा...



मेरे पापा तो सब कुछ कर सकते हैं।' भोले बचपन में हर बेटी के मन में यह बात बैठी होती है। एक बेटी के लिए उसके पापा हमेशा हीरो होते हैं। उसे लगता है, पापा के पास ऐसी जादू की छड़ी है, जिसके घुमाते ही उसकी सारी दिक्कतें छूमंतर हो जाएंगी। अगर उससे कुछ गलत हो जाएगा तो उसे संभालने, उसकी हिम्मत बढ़ाने के लिए पापा उसके साथ हैं।

**हर छोटी-बड़ी उलझनों का हल है उनके पास:** बचपन की दहलीज लांघने के बाद भी बेटी अपने भीतर यह अहसास बैठाए रहती है कि जिंदगी में आई सारी उलझनें उसके पापा दूर कर देंगे। ये उलझनें छोटी हों या बड़ी, उसके पापा इन्हें दूर करने में अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और उलझनें देखते-देखते सुलझ जाएंगी। यह विश्वास ही बेटी के मन को इतना सकारात्मक बना देता है कि वह स्वयं भी अपनी परेशानियों का हल खोज लेती है। स्कूल-कॉलेज की परीक्षा हो या फिर जीवन की कोई भी परीक्षा, इसे उत्तीर्ण कर लेने पर पापा की शाबासी उसे अहसास देती है कि वह अपने पापा की सबसे काबिल बेटी है।


**चाहते हैं खुशियों की बारिश:** बेटियों के लिए उनके पापा यूं ही उनके हीरो नहीं बन जाते। बेटियां जानती हैं कि उनके पापा, बुरे हालातों के तीर के सामने आकर खुद को ढाल बनाकर उन्हें बचा लेते हैं, उनकी जिंदगी में दुख के बादल नहीं छाने देते। वह अपनी बेटी के लिए हमेशा खुशियों की बारिश चाहते हैं। बेटी की खुशी में ही उनकी खुशी होती है।*

### नहीं खींच पाते लंबी नाराजगी

**मायके की** चौखट को पार कर ससुराल गई बेटी की आंखें सबसे ज्यादा अपने पापा को याद करके ही नम होती हैं। यदि पापा किसी कारण कभी नाराज भी हो जाते हैं तो बेटियां अंदर तक हिल जाती हैं। उन्हें लगता है उनकी सबसे बड़ी ताकत कहीं कमजोर ना हो जाए। लेकिन बेटियां यह भी जानती हैं कि पापा आसानी से उनसे नाराज या क्रोधित नहीं होते, होते भी हैं तो जल्द ही सारा गुस्सा और नाराजगी खत्म भी कर देते हैं। अगर यह नाराजगी थोड़ा भी लंबी खिंचती है तो ऊपर से कठोर दिखने वाले पापा अंदर ही अंदर विचलित होने लगते हैं। अपनी बेटी का भोला-भाला चेहरा उनके दिलो-दिमाग में घूमने लगता है, तब नाराजगी अपने आप खत्म हो जाती है।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com



वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको आगे बढ़कर उन्हें अकेलेपन से उबारने, उनका भावनात्मक संबल बनने का हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि जीवन की संध्या उन्हें एकाकीपन में ना गुजारनी पड़े।

# जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल

सलाह / सरस्वती रमेश

जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।



## निभाएं संतान का दायित्व

अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

## समझें उनकी भावनाएं

यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमाने या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं।

## पापा को दें हर संभव खुशी

जीवन के सफर में अकेले पड़ गए पिता खुशी-खुशी अपने जीवन की सांझ गुजारें, इसके लिए उनमें जीने का उल्लास आपको ही भरना चाहिए। इसके लिए आप अपनी खुशियों में उन्हें शामिल करना कभी ना भूलें। घर-बाहर से जुड़े हर छोटे-बड़े मामलों में उनसे उनकी राय जरूर जानें। खाने-पीने में उनकी पसंद पूछें। उनके जन्मदिन पर याद से उनकी पसंद का कोई तोहफा जरूर भेंट करें। बाहर घूमने जाएं तो पिता की सुविधा के स्थान का चुनाव करें। उनकी रोजमर्रा की छोटी-मोटी जरूरतों का ख्याल रखें। उनके अनुभवों का लाभ उठाएं। उनकी उपेक्षा न करें। घर के हल्के-फुल्के काम सुविधानुसार पापा से करवा सकती हैं, जिससे वे खुद को उपेक्षित न महसूस करें। इससे उनका समय भी अच्छा बीतेगा और घर चलाने में सहयोग करने की भावना भी उनमें आएगी। उनको अहसास दिलाएं कि वे परिवार का सबसे अहम हिस्सा हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलेगी। *

# पापा, उम्र के हर पड़ाव पर आप मेरी जिंदगी के नायक हैं

उम्र का कोई भी पड़ाव हो, पिता का साथ बहुत बड़ा संबल होता है। पिता की सीखें, उनकी प्रेरणाएं हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं। सारी मुसीबतों से उबरना सिखाती हैं। इसीलिए बेटियों के लिए पिता उनके नायक होते हैं। बेटियां दिल में अपने पिता को लेकर जो जज्बात रखती हैं, यहां हम कर रहे हैं बयां।

मेरी प्रेरणा / यासमीन सिद्दीकी



बचपन में एक सुपर मैन की छवि हमारे दिमाग में होती है। सुपर मैन वह होता है, जो बहुत कुछ कर सकने का माद्दा रखता है। इसके पास कुछ अलग सी पावर होती है। अगर हम बेटियां असली जिंदगी में अपने पापा को देखती हैं तो वो सुपर मैन की तरह ही हमारी जिंदगी में होते हैं। हमारी उम्र चाहे बचपन की हो या पचपन की, हमारे पापा हमेशा हौसले की पगडंडी पर चलने के लिए हमारी अंगुली थामे रहते हैं। एक बेटी के लिए पिता का होना उम्मीद का होना होता है। यहां हम उम्र के अलग-अलग पड़ावों में अपने पापा के साथ जिंदगी को जीती एक बेटी के जज्बात को साझा कर रहे हैं, ये जज्बात सिर्फ एक बेटी के नहीं, अमूमन हर बेटी के हैं, जो उसके दिल में अपने पापा के लिए बसे होते हैं, इन्हें वह शिद्दत से महसूस करती है, लेकिन अपने पापा से कह नहीं पाती। लेखिका ये खूबसूरत जज्बात सहेलियों के साथ साझा कर रही हैं, अपनी जुबानी-

**बचपन की साइकिल और आप:** पापा आपको याद है, बचपन में भाई को साइकिल चलाते देख मुझे भी साइकिल चलाने की धुन सवार हुई थी। लेकिन मुझे डर लग रहा था कि कहीं गिर पड़ी तो चोट लग जाएगी। मेरे इस डर को आपने कितनी आसानी से भांपकर दूर कर दिया था। आपने मुझे साइकिल की सीट पर बैठाकर मुझसे कहा था, 'हैंडल को पकड़ कर सामने देखो। तुम गिर नहीं सकती हो, क्योंकि मैंने तुम्हें पीछे से पकड़ रखा है।' तीन दिन की प्रैक्टिस में मुझे आपकी वजह से साइकिल चलानी आ गई थी। इससे मेरा आत्मविश्वास बहुत बढ़ गया था। यह आत्मविश्वास और भी कामों में हमारे लिए वरदान सा साबित हुआ।



**बाहर पढ़ने की इजाजत:** मैं और भाई एक ही स्कूल में पढ़ते थे, लेकिन जब बात बाहर हॉस्टल में रहकर पढ़ने की आई तो मां मेरे लड़की होने की वजह से हिचक रही थीं। उन्हें लग रहा था कि मैं मैनेज नहीं कर पाऊंगी। घर से दूर अकेले कैसे रहूंगी? तब आपने कहा था, 'मेरी गुड्डो बाहर पढ़ने जरूर जाएगी। मुझे उस पर अपने से भी ज्यादा भरोसा है।' आपके इस विश्वास को थामकर ही मैं आगे सफलता पूर्वक बढ़ पाई हूं। मुझे याद है पापा, मई-जून में पेपर होने की वजह से मैं घर आ नहीं पाई थी, लेकिन तब मेरे बिना कहे आप समझ गए थे कि मैंने इस बार गर्मी में मन भर के आम नहीं खाए हैं। आप एक इतवार आम लेकर मेरे हॉस्टल आ गए थे। आम के स्वाद से ज्यादा उस दिन मैंने आपके प्यार का स्वाद चखा था।

**शादीशुदा जिंदगी और मैं:** मेरे जीवन में, मेरे जीवन साथी को आप लेकर आए पापा। आपने मुझसे बहुत बातें न शादी से पहले कीं और न ही शादी के बाद। फोन पर तो आप खासतौर से मेरी खैरियत पूछकर फौरन मां को फोन दे देते हैं। लेकिन एक पुरुष को कैसे डील करना है, अपने रिश्ते को कैसे बनाए और बचाए रखना है, यह बात आपने मुझे बहुत सहजता से सिखाई है। एक बार जब मेरे और इनके बीच में बहुत झगड़े हो रहे थे तो आपने मुझसे कहा था, 'बहस में हार जाओगी तो जिंदगी को जीत जाओगी।' पापा सच बताऊं, आपकी इस बात पर अमल किया मैंने। आज बहुत प्यार के साथ मैं एक जीती हुई जिंदगी का आनंद ले रही हूं।

**चालीस के बाद:** अब मैं पैंतालिस साल की हो चली हूं पापा। यह वो समय है, जब मेरे बच्चे भी ऊंची उड़ान भरने को, मेरा घोंसला छोड़ने को तैयार हैं। अब मेरी वो सेहत नहीं रही, जो आज से कुछ साल पहले हुआ करती थी, लेकिन आपके सामने मैं यह कह नहीं सकती कि भई! अब चालीस के बाद तो यह होना ही है। अगर मैं अपने घुटनों के दर्द की बात करूं तो आप फौरन कह देते हैं कि अभी तो मैं ही बूढ़ा नहीं हुआ, तेरी कहां से उम्र बढ़ रही है। मेरी तरह एक्सरसाइज कर, सेहत बनी रहेगी।

**अब डर है पापा:** एक बात कहूं पापा, आपने सच में सत्तर के बाद भी अपने आपको मन से बूढ़ा नहीं होना दिया है। अपने नाती-पोतियों के बीच दोबारा अपना बचपन जी रहे हैं। कल की हो तो बात है, जब मेरा बेटा और आपका नाती अपने कॉलेज के किस्से सुना रहा था, तब आप भी अपने कॉलेज की बातें बताकर हंस रहे थे और कह रहे थे, 'अरे भई! हमारे जमाने में तो किताबों में लैटर और गुलाब रखने का रिवाज था। अब तुम लोगों का सही है मोबाइल में इमोजी बना कर भेज देते हो।' उस वक्त मैं बस एक ही दुआ कर रही थी, आप मेरी जैसी बेटियों की जिंदगी में सलामत रहें, क्योंकि जब तक आप हैं, तब तक मैं बच्ची हूं पापा। *

लघुकथा / यशोधरा भटनागर

# संबल



आईने में उसने अपना चेहरा देखा। आंखें सुर्ख लाल हो आई थीं, नीले निशान लिए चेहरा सूज गया था। धीरे से उसने बाएं गाल को सहलाया। विवाह को छह महीने भी तो नहीं हुए अभी, क्या हालत हो गई है उसकी। फिर रुलाई फूट पड़ी। यहां कितनी अकेली हो गई है वह। उसे कोई समझने वाला, प्यार करने वाला नहीं है। हमेशा ही जब भी वह परेशान होती थी तो पापा से शेयर कर लेती थी और पापा के पास भी उसकी हर समस्या का इलाज होता था। फिर शादी के बाद उसने पापा को अपने से दूर क्यों समझ लिया? झट पापा को फोन लगाया। 'हैलो बिट्टी! कैसी है मेरी गुड़िया?' पापा की आवाज में वही प्यार झलक रहा था। वह एकदम फफक कर रो पड़ी। 'क्या हुआ बिट्टी? क्यों रो रही है मेरी बच्ची?' घबराहट के कारण पापा की आवाज तेज हो गई। 'पापा.. पापा ..!' शब्द गले में फंस गए। कैसे कहें कि सुधीर ने उस पर हाथ उठाया, उसे घर से निकल जाने को कहा... और!' वह कुछ कह नहीं पा रही थी।

'बिट्टी मेरी बच्ची, बता तो क्या बात है? तेरा पापा हमेशा तेरे साथ है।' उन्होंने उसे थामने की कोशिश की।

वह सुबकती रही, बोलना तो बहुत कुछ चाहती थी पर याद हो आया कि अच्छा घर-बार देखकर कितनी परेशानियां उठाकर पापा ने अपनी इंजीनियर बिटिया के लिए संभ्रांत परिवार के पुत्र इंजीनियर सुधीर को अपना दामाद बनाया। अच्छा वर ढूंढ़ने में उनके जूते घिस गए और उसे ब्याहने में उनका बैंक बैलेंस जीरो हो गया। आज उन्हीं से वह कैसे कह दे कि...? 'पापा आई एम फाइन, डोंट वरी। बस आपकी और मम्मी की याद आ रही थी।' उसने कुछ ना बताना ही सही समझा। 'देख बिट्टी.. तेरी हर सिसकी पहचानता हूं। तेरा दुख और परेशानी भांप गया हूं मैं। तुझे किसी से डरने की जरूरत नहीं, तेरा पापा हर कदम पर तेरे साथ है। बेटा! मान-सम्मान सबका करो पर अपना मान-सम्मान खोकर नहीं। यह घर तेरा है और हमेशा रहेगा लाडो। दोपहर की गाड़ी से ही मैं तेरे पास आ रहा हूं। अपना ध्यान रखना बेटा।' वह निर्णय ले चुके थे। 'जी पापा।' उसने फोन रख दिया। उसके अंदर का डर, घबराहट सब कुछ खत्म हो गया। पापा उसके साथ हैं। पापा का मजबूत हाथ उसे थामे हुए है। अपनी डायरी में से वही तस्वीर हाथ में ले वह ध्यान से देखने लगी। नन्ही-सी वह, नन्हे कदम बढ़ाती, पापा का हाथ थामे सड़क पार कर रही थी। नहीं, पापा की सिर्फ एक अंगुली उसके नन्हे हाथ में समाई हुई है, उसका चेहरा कितना बेपरवाह और खुश दिख रहा है।

'लव यू पापा! आपकी इंजीनियर बिटिया आपका संबल पाकर जिंदगी का यह मोड़ भी पार कर लेगी।' पापा की तस्वीर को चूम वह बुदबुदाई। *

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

# पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल



बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

**ब्लड शुगर टेस्ट:** आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

**ब्लड काउंट:** बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।



**ब्लड प्रेशर:** 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं। पापा को खुश रखने का प्रयास करें, क्योंकि स्ट्रेस और गुस्से की वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ता है।

**कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट:** खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

**डेंटल चेकअप:** जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। उनमें इंफेक्शन का भी खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पापा के दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

**आई चेकअप:** उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

**इंटेस्टाइन-स्टूल टेस्ट:** बढ़ती उम्र में पापा की साल में एक बार इंटेस्टाइन और स्टूल की जांच करवाना भी जरूरी है। यह कोलोन कैंसर को समय रहते डिटेक्ट करने का सबसे अच्छा तरीका है। इससे आंतों के अंदर होने वाली किसी भी तरह की ब्लीडिंग का आसानी से पता चल जाता है।

**पीएसए टेस्ट:** इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे। *

प्रस्तुति:विनीता

## कला के प्रति प्रेम और समर्पण सीखा
### नेहा जोशी, निर्माता-अभिनेत्री



**मेरे माता**-पिता दोनों पिछले पचास साल से थिएटर कर रहे हैं। पिताजी ने मराठी के कई टीवी धारावाहिकों और फिल्मों में काम किया है। वह काफी व्यस्त रहते हुए भी मुझे और मेरे भाई को वक्त देते थे। शुरू से पिताजी ने हमसे एक दोस्ताना संबंध रखा। उन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने सिखाया कि हमें अच्छा इंसान कैसे बनना है? एक समर्पित और पेशेवर कलाकार कैसे बनना है, यह मैंने अपने पिता से ही सीखा। वह हमेशा मेरे लिए एक प्रेरणास्रोत रहे। एक वाकया याद आता है। मैं पुणे के ललित कला केंद्र से ग्रेजुएशन करना चाहती थी। लेकिन पिताजी उसके खिलाफ थे। उन्हें लगता था कि जो बेटी उनके पास रहते हुए आलस के कारण नृत्य-संगीत का रियाज नहीं करती है, वह दूसरे शहर में अकेले रहकर कैसे पढ़ाई करेगी। फिर भी मैं पुणे गई। जब ग्रेजुएशन तीसरे साल में थी, तो कॉलेज में एक नाटक का मंचन हुआ था। मेरे पिताजी भी नाटक देखने आए। वह मेरी परफॉर्मेंस देखकर बहुत खुश हुए। नाटक खत्म होने के बाद उन्होंने मुझे गले लगा लिया और माफी मांगी कि वह गलत थे। मेरा पुणे आने का फैसला सही था, मैंने यह साबित कर दिखाया। इस घटना से एक बड़ी सीख यह मिली कि पिताजी को जब अपनी गलती का एहसास हुआ, उन्होंने क्षमा मांगने में देर नहीं की। यानी, कोई कितना भी बड़ा हो जाए, अपनी गलती की माफी मांगने में कोई बुराई नहीं है। इस फादर्स-डे पर पिताजी से यही कहना चाहूंगी कि भले ही वे 74 वर्ष के हो रहे हैं, लेकिन दिल से युवा हैं। वे नासिक में रहते हैं, वहां थिएटर में कुछ न कुछ काम चलता ही रहता है। कभी कोई डॉक्यूमेंट्री बनाते हैं। कभी वॉयस ओवर करते हैं। नाटक में काम करते हैं। उनमें जो ऊर्जा है, वह हम सालों से देखते आ रहे हैं। कोशिश करती हूं कि अगर इसका दस प्रतिशत भी हमारे अंदर आ जाए, तो हम बहुत कुछ कर सकते हैं। बाबा से यही कहूंगी कि आप जैसे हो, वैसे ही रहो। अपनी जो ऊर्जा है, उसे हमेशा कायम रखो। *



अभिव्यक्ति

# मेरा हौसला मेरे पापा

बेटियों के लिए पिता का साथ उनकी ताकत होती है। पिता अपनी बेटियों के मार्गदर्शक बनकर उनके जीवन की राह आसान बनाते हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

## मेरी हर सफलता में उनका योगदान है: हिमा दास, एथलीट



**पापा मेरे** मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी। *

## हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं
### मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका



**मैं आज** तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी फिर वह चाहे 'लिटिल चैंप शो' हो या 'इंडियन आइडल'। किसी भी रियलिटी शो में हिस्सा लेने के लिए हमें काफी मेहनत करनी पड़ती है। कितने ही ऑडिशंस देने होते हैं, तब जाकर कहीं हमें मौका मिलता है। उसके बाद जब आप आउट होते हैं तो बहुत निराशा होती है। मुझे भी कई बार निराशा हुई। शो से आउट होने के बाद पता ही नहीं होता था कि आगे क्या करेंगे? ऐसा लगता था कि सब कुछ खत्म हो गया, क्योंकि उन दिनों संगीत के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए दो ही माध्यम थे, बॉलीवुड या रियलिटी शोज। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी बहुत कुछ करने के लिए है। ऐसे समय में पापा ने न सिर्फ हमारा हौसला बनाए रखा, बल्कि मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संगीत को और धार देने को कहा। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों। मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे ऊपर जितनी मेहनत की है, वो व्यर्थ न जाए। आखिर में पापा से कहूंगी कि आप हर समय, हर जगह, कोई भी परिस्थिति हो, कोई भी मंच हो, कहीं कोई समस्या हो, मेरे साथ खड़े होते हैं, इसके लिए मैं बहुत शुक्रगुजार हूं। *

प्रस्तुति: अंशु सिंह

## कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा: शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार



**मेरे जीवन** को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है। मेरे पापा अपना जीवन भरपूर जीते हैं। हमें भी ऐसा जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। वे रिटायर हो चुके हैं, उनकी उम्र हो चली है। लेकिन जिंदगी जीने के प्रति ललक कम नहीं हुई है। फादर्स-डे पर पापा से यही कहूंगी कि थैंक्यू सब कुछ देने के लिए। हर जन्म में आप मुझे पापा के रूप में मिलें। मैं उनके जीवन को खुशहाल रख सकूं, यह मेरे लिए बहुत बड़ी अचीवमेंट होगी। *



## जैकेट के शेष

### बलौदाबाजार में हिंसा...

गंभीर बताई गई है। घटना के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डीजीपी को तलब किया और रिपोर्ट ली। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। ऐसी खबर है कि उपद्रवियों पर सख्त कार्रवाई हो सकती है। साथ ही सतनामी समाज के प्रमुख लोगों ने कहा है कि बाबा गुरु घासीदास ने सबको शांति के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी है। हिंसा करना गलत है। उल्लेखनीय है कि सतनामी समाज की आस्था के प्रमुख केन्द्र गिरौदपुरी धाम से लगा हुआ है महकोनी ग्राम। वहां गुरु अमरदास जी के नाम से अमर गुफा स्थित है, जहां पर कई वर्षों से गुरुगद्दी और जैतखाम स्थापित है। प्रतिदिन पुजारी सुबह-शाम पूजा करते हैं। कुछ दिन पहले रात में असामाजिक तत्वों ने जैतखाम को काट कर फेंक दिया गया। इस घटना का जानकारी मिलते ही समाज के लोग भड़क गए थे। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है, लेकिन समाज के लोगों का कहना है कि ये असली आरोपी नहीं हैं। इसी मामले को लेकर आज प्रदर्शन था। इधर, देर रात घटना स्थल पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा पहुंचे।

**सीएम ने फौरन सीएस-डीजीपी को किया तलब :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तुरंत एक्शन लिया। उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेश(डीजीपी) को तलब किया। इस दौरान घटना का ब्योरा लेने के बाद शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्र घटना स्थल पर पहुंचे हैं। बलौदाबाजार के पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा है कि, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि, सीसीटीवी फुटेज और वीडियोग्राफी की मदद से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। वहीं प्रदर्शनकारियों ने 13 पुलिसकर्मियों को भी घायल कर दिया है, इनमें से दो जवानों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### बलौदाबाजार की घटना पर...

निर्देशित किया था, जिसकी घोषणा उनके द्वारा की गई थी। सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और सभी से शांति व सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की है।

### एसएसपी की सूझबूझ...

पंचायत कार्यालय में आगजनी की। दफ्तर पूरी तरह खाक हो गए। अगर कर्मचारियों को समय रहते बाहर नहीं निकाला गया होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

### जमीन पर प्रसव...

लापरवाही करने वाले चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन द्वारा बीएमओ को निलंबित करने के बाद दूसरे चिकित्सक डॉ. आयुष जायसवाल को भफौली सीएचसी का प्रभार दिया गया है। बता दें कि दरिमा अंतर्गत नवानगर निवासी प्रसूता 25 वर्षीय प्रियावती पैकरा पति राजकुमार पैकरा को 8 जून की सुबह मितानिन राजकुमारी सिंह परिजन के साथ प्रसव पीड़ा होने पर प्रसव ले लिए लेकर नवानगर पीएचसी पहुंची थी लेकिन अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ व चिकित्सक गायब थे। लगातार सूचना के बाद भी चिकित्सक व नर्स अस्पताल नहीं पहुंचे और प्रसूता दर्द से तड़पती रही। एक घंटे बाद महिला का जमीन पर ही प्रसव हो गया और उसके बाद दोनों की जान खतरे में पड़ गई। परिजन द्वारा गांव से दाई को बुलाकर महिला के पेट की सफाई कराई गई और नाभी नाल काटा गया। इस लापरवाही का मामला प्रकाश में आने के बाद रविवार को सीएमएचओ डॉ. आरएन गुप्ता व डीपीएम डॉ. राम के नेतृत्व में जांच टीम अस्पताल पहुंची थी और मामले में जांच के बाद रात्रिकालिन स्टॉफ द्वितीय एएनएम श्रीमती मीना चौहान को तत्काल प्रभाव से हटाकर आयुष्मान मंदिर रेवापुर स्थानांतरित कर दिया गया जबकि ड्यूटी में पदस्थ स्टॉफ नर्स कन्या पैकरा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर निलंबित किया गया। अधिकारियों द्वारा मामले में भफौली बीएमओ पीएन राजवाड़े व आरएमए डॉ. वीरेंद्र कुमार पटेल को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। इस बीच देर रात 11 बजे शासन द्वारा आदेश जारी कर भफौली बीएमओ प्रयाग नाथ राजवाड़े को निलंबित कर जेडी ऑफिस अटैच कर दिया गया है। बीएमओ पर सुपरविजन में लापरवाही और अस्पताल में फैली अव्यवस्था को लेकर की गई है। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। वहीं शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा अर्बन सीएचसी नवापारा के प्रभारी डॉ. आयुष जायसवाल को भफौली का बीएमओ बनाया गया है जबकि नवापारा अर्बन सीएचसी का प्रभारी डॉ. शीला नेताम को बनाया गया है।

### हाईकोर्ट ने कहा- काफी ...

बारे में पूरी जानकारी अदालत को देनी होगी। मामले में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने चीफ सेक्रेटरी, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग संचालक, कलेक्टर सरगुजा के साथ सीएमओ अंबिकापुर, सिविल सर्जन अंबिकापुर और मेडिकल आफिसर नवानगर को नोटिस जारी किया है। यह जनहित याचिका मीडिया में आई खबरों के आधार पर दर्ज की गई है। जिसमें बात सामने आई थी कि अंबिकापुर के जिला मुख्यालय से लगे नवानगर दरिमा उप स्वास्थ्य केन्द्र में 8 जून 2024 की सुबह एक 25 वर्षीय गर्भवती महिला ने फर्श पर अपने बच्चे को किसी डॉक्टर या नर्स की अनुपस्थिति में जन्म दिया। प्रसव पीड़ा होने पर उक्त महिला मितानिन (सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता) के साथ उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंची, लेकिन वहां न तो कोई डॉक्टर और न ही कोई नर्स मौजूद थी।

### राष्ट्रपति भवन में शपथ...

है, उसमें जैसे ही मंत्री उठकर राष्ट्रपति की ओर जाते हैं। वैसे ही पीछे की सीढ़ियों के ऊपर बनी लॉबी से एक जानवर गुजरते हुए देखा जा सकता है। हालांकि ये साफ नहीं हो पाया कि जो जानवर पीछे से गुजरा, वो कौन सा है लेकिन जैसे ही लोगों का ध्यान इस वीडियो पर गया, तभी से ये मामला सोशल मीडिया पर छाया हुआ। लोग इस वीडियो को शेयर कर दिखने वाले जानवर को कोई कुत्ता, बिल्ली तो कोई तेंदुआ बता रहा है।

## पेज एक के शेष

### छत्तीसगढ़ से तोखन साहू...

बने हैं और पहली बार में ही उन्हें मोदी कैबिनेट में जगह मिली है। भाजपा ने इस बार बिलासपुर संभाग से लोरमी विधानसभा के पूर्व विधायक तोखन साहू लोकसभा चुनाव का टिकट दिया था। तोखन साहू का जन्म 15 अक्टूबर 1969 को ग्राम डिंडोरी जिला मुंगेली में हुआ था। उनकी पत्नी का नाम लीलावती साहू है। उन्होंने एमकॉम की पढ़ाई की है।

### पंच से सांसद तक...

थे। वहीं दूसरे नंबर पर कांग्रेस के धर्मजीत सिंह रहे, जिन्हें 46 हजार 61 वोट मिले थे। साल 2014-15 में सदस्य महिलाओं एवं बालकों के कल्याण सम्बंधी समिति ,सदस्य प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति, छत्तीसगढ़ विधानसभा रह चुके हैं। साल 2015 में रमन सरकार में वह संसदीय सचिव रहे।

# 7 सांसदों में से एक भी नहीं बना कैबिनेट मंत्री, शिंदे गुट नाराज

पार्टी के चीफ व्हीप ने कहा- हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से अजित पवार गुट की एनसीपी की नाराजगी के बाद एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना की भी नाराजगी सामने आ रही है। पार्टी के चीफ व्हीप श्रीरंग बारणे का कहना है कि एक तरफ जहां, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और एचडी कुमारस्वामी की पार्टी को कम सीट मिलने के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है, वहां उनकी पार्टी के सात सांसद होने के बावजूद सिर्फ स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का ही पद दिया गया। श्रीरंग बारणे ने कहा, "हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे। चिराग पासवान के पांच सांसद हैं, मांझी के एक सांसद हैं, जेडीएस के दो सांसद हैं, फिर भी उन्हें एक कैबिनेट मंत्रालय मिला है। फिर 7 लोकसभा सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्यों मिला।"



### 'शिवसेना को मिलना चाहिए कैबिनेट मंत्री का पद'

शिवसेना के चीफ व्हिप ने कहा, "हमारी शिवसेना के स्ट्राइक रेट को देखते हुए हमें कैबिनेट मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। " यह बात कहते हुए शिंदे गुट के सांसद श्रीरंग बारणे ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। बारणे ने कहा कि एनडीए के अन्य घटक दलों के एक-एक सांसद चुने गए, लेकिन उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया है, तो फिर बीजेपी ने शिंदे गुट के प्रति इतना अलग रुख क्यों अपनाया? शिवसेना सांसद ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो परिवार के खिलाफ आकर महागठबंधन में शामिल हुए अजित पवार को मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। साथ ही बीजेपी को सतारा सांसद उदयनराजे भोसले को यह मंत्री पद देना चाहिए था।

### एनसीपी अजित गुट भी नाराज

शिंदे गुट की शिवसेना की नाराजगी से पहले एनसीपी अजित गुट ने भी मंत्री पद नहीं मिलने के बाद अपनी नाराजगी जाहिर की थी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल का कहना था, ...कल रात (शपथग्रहण से पहले) हमें बताया गया कि हमारी पार्टी को स्वतंत्र प्रभार वाला एक राज्य मंत्री मिलेगा। मैं पहले केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री था, इसलिए यह मेरे लिए एक डिमोशन होता। हमने बीजेपी नेतृत्व को सूचित कर दिया है और उन्होंने हमें कहा है कि बस कुछ दिन इंतजार करें, वे सुधारात्मक उपाय करेंगे।

### एनडीए घटक दलों में किसे क्या मिला?

लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र में बीजेपी ने शिंदे गुट की शिवसेना और अजित गुट की एनसीपी के साथ चुनाव लड़ा था। मसलन, बीजेपी ने 31 सीटों पर चुनाव लड़ा और 9 सीटें जीतीं, अजित गुट की पार्टी एनसीपी ने चार सीटों पर चुनाव लड़ा और एक सीट जीती और शिंदे गुट की शिवसेना ने 13 सीटों पर चुनाव लड़ा और सात सीटें जीती। वहीं चिराग पासवान की पार्टी ने चुनाव में पांच सीटें जीती हैं, जिनमें चिराग को कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है, जीतन राम मांझी ने अपनी पार्टी से अकेले चुनाव जीता है और उन्हें भी कैबिनेट मंत्रालय मिला है और जेडीएस ने दो सीटें जीती है, जिसमें एचडी कुमारस्वामी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है।

# आरटीई एडमिशन में गड़बड़ी, प्राइवेट स्कूलों को दो सप्ताह में देनी होगी डिटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

**खास बातें**

- कितने बच्चों को एडमिशन दी गई, कितनी सीट खाली रह गई यह बताना होगा
- खाली सीटों को ओपन आधार पर किस नियम के तहत भरा गया जानकारी देनी होगी

शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत एक मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्राइवेट स्कूलों से दो सप्ताह में जानकारी मांगी है। इसमें प्रत्येक निजी स्कूल को यह जानकारी देनी होगी की आरटीई के तहत आरक्षित 25 प्रतिशत सीटों पर पिछले सालों में कितने बच्चों को एडमिशन दी गई है और कितनी सीट खाली रह गई यह बताना होगा।

इसके साथ ही खाली सीटों को ओपन आधार पर भरा गया तो उसके लिए क्या नियम अपनाए गए इसकी जानकारी देनी होगी। शासन को भी इस संबंध में डाचा पेश करने कहा गया है। इसके साथ ही ईडब्ल्यूएस और बीपीएल कार्डधारियों की सीटों मामले में सुनवाई हुई जिसमें बात सामने आई कि राज्य सरकार ने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर कोटा कम कर दिया है। इस मामले की सुनवाई 12 जून को होगी। ज्ञात हो कि यह मामला 2012 से कोर्ट में चल रहा है।

### पात्र बच्चों को किया जा रहा वंचित

याचिका में बताया गया कि प्राइवेट स्कूलों में पहली कक्षा के नामांकन में 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब छात्रों को मुफ्त में नामांकन लेना है, एवं निशुल्क पढ़ाई कराना है। गरीब बच्चों के नामांकन में प्राइवेट स्कूल के संचालकों की मनमानी लेकिन जारी है। घर से 100 मीटर के दायरे में एडमिशन के नियम के आधार पर कई बच्चों को प्रवेश वंचित किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने मामले में कहा कि आरटीई अधिनियम के तहत पड़ोस के स्कूलों में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करना बच्चों का मौलिक अधिकार है।

# सूरज की सतह से उठने वाले तूफान को कैमरे में किया कैद

इसरो के सौर मिशन 'आदित्य एल-1' की उपलब्धि

**नई दिल्ली।** इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 एक उपलब्धि हासिल की है। दरअसल आदित्य एल1 पर लगे दो उपकरणों ने सूर्य की सतह से उठने वाले सौर तूफान की घटना को कैमरे में कैद किया है। इसरो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इन सौर तूफानों का पृथ्वी पर भी असर होता है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है। आदित्य एल1 पर लगे उपकरण द सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग टेलीस्कोप (एसयूआईटी) और अन्य उपकरण द विजिबल एमीशन लाइन कोरोनाग्राफ (वीईएलसी) ने सूरज की सतह से उठे सौर तूफान को कैमरे में कैद किया।


**कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

Website-www.nagrnigamdhamtari.com, Email ID-commissionerdhamtari@gmail.com
Phone/Fax No. - 07722-241599

-:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक/कार्य.अभि./लोक कर्म/निविदा/2024/327 धमतरी, दिनांक 7/6/2024

नगर पालिक निगम धमतरी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत **04 विभिन्न स्थलों में आकांक्षीय शौचालय निर्माण कार्य (अनु. लागत प्रत्येक का 16.92 लाख रू.)** के लिए छ.ग. के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा जारी प्रभावशील दर अनुसूची भवन एस.ओ.आर. 2015 अनुसार सिविल कार्य प्रतिशत दर पर तथा नॉन एस.ओ.आर. आईटमों के कार्य आईटम दर पर संपादन हेतु निविदा प्रपत्र A **एवं** B **में मैन्युअल निविदा दिनांक 28.06.24 को समय 05:30 बजे तक** स्पीड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्यों का कार्यवार निर्धारित अमानत राशि, निविदा की सामान्य शर्तें तथा अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में निगम कार्यालय के लोक कर्म शाखा से प्राप्त की जा सकती है, एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नवा रायपुर छ.ग. के वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** में अवलोकन एवं डाउनलोड भी की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम धमतरी


उग्रवादियों ने घात लगाकर की फायरिंग

# मणिपुर में सीएम के काफिले पर किया हमला, दो जवान घायल

एजेंसी ▶▶ जिरिबाम

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफ़िले से पहले जाने वाली अग्रिम सुरक्षा टीम पर उग्रवादियों ने हमला किया है। सोमवार को हुए इस हमले में दो जवान घायल हुए हैं। उग्रवादियों ने ये हमला के सिनम गांव के पास घात लगाकर किया, जिस वक्त मुख्यमंत्री का सुरक्षा काफिला हिंसा प्रभावित जिरिबाम जिले की ओर जा रहा था तभी उस पर हमला किया गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों के वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह करीब साढ़े दस बजे उस पर हमला हुआ।

### तलाशी अभियान शुरू

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के एक अस्पताल में ले जाया गया है। उन्होंने कहा, ''सुरक्षा बल राज्य की राजधानी से करीब 36 किलोमीटर दूर घात लगाकर किए गए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और बंदूकधारियों का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के कार्यालय और कम से कम 70 मकानों में आग लगा दी थी।

### 'मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा'



पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक साल से ज्यादा समय से हिंसा की आग में जल रहा है। 3 मई 2023 को घाटी में जातीय हिंसा भड़की थी। उस वक्त से लेकर अब तक हिंसा की घटनाएं सामने आती रहती हैं। इस बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने हिंसा की आग में जल रहे मणिपुर में शांति बहाली की मांग की है। आरएसएस चीफ मोहन भागवत ने कहा कि मणिपुर एक साल से शांति की राह देख रहा है। इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# मैक्सिको में अवैध हथियारों के साथ 6 गिरफ्तार, ये हमलावर थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी अमेरिकी देश मैक्सिको में छह लोग बिना लाइसेंस के हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। जानकारी के अनुसार अपराध ग्रस्त दक्षिणी चियापास राज्य पिछले कुछ दिनों से हिंसात्मक घटनाएं हुई थीं, जिसमें 4000 अधिक लोग लोग बेघर हुए हैं।

मैक्सिको की एक हथियारबंद लोग तिला नगरपालिका में घुस आए, गोलीबारी की। यहीं नहीं घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आग तक लगा दी। चियापास अभियोक्ता कार्यालय ने शनिवार को कहा कि प्राधिकारियों ने 4187 लोगों को बचाया है। ये लोग हिंसा की घटनाओं के बाद अपने-अपने घरों में छिपे हुए थे। उन्हें आश्रय स्थलों में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

# यूक्रेनी सेना ने रूस की सीमा के अंदर सैन्य अड्डे पर किया बड़ा हमला

**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच यूक्रेनी सेना ने रूस की सीमा के अंदर एक सैन्य अड्डे को तबाह कर दिया। जानकारी के अनुसार इस हमले में रूस के नए और सबसे एडवांस लड़ाकू विमान सुखोई-57 को यूक्रेनी सेना ने ड्रोन की मदद से उड़ा दिया है। यूक्रेनी सेना ने यह हमला रूस के अस्त्राखान शहर के एयरबेस पर किया है, जो जंग की जगह से 600 किलोमीटर दूर है।

एसयू-57 दुनिया के सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान में से एक है, जिसकी स्पीड 2,130 किलोमीटर प्रति घंटा है। ये फाइटर जेट कितना ताकतवर है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नाटो सुखोई को यानी हत्यारा कहकर बुलाता है। हमले की सैटेलाइट तस्वीर भी सामने आ चुकी है, जिसमें अस्त्राखान एयरबेस पर एसयू-57 नजर आ रहा है, उसी जगह पर आग और धुआं उठता नजर आया।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल आमदी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी**

**सूचना पत्र**

प्रति,
1. बजरंग अग्रवाल पि. सुमेरचंद जी अग्रवाल
2. राधा अग्रवाल पति बजरंग अग्रवाल
3. द्रौपति बाई, सातो, सरोज, विद्या पि. फगनूराम
4. दशमत बाई पति फगनूराम
5. मनोज कुमार पि. नारायण
6. गजानंद पि. बिसाहू ग्राम खरतुली

विषय :- सीमांकन की सूचना बाबत्।

---00----

आपको सूचित किया जाता है कि आवेदक बजरंग अग्रवाल पिता सुमेरचंद जी अग्रवाल नि. धमतरी द्वारा ग्राम पोटियाडीह प.ह.नं. 27 तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 897, 898, 899, 905 रकबा 0.25, 0.34, 0.22, 0.76 हे. भूमि का सीमांकन हेतु प्रस्तुत आवेदन पर श्रीमान तहसीलदार धमतरी के ज्ञा.क्र. 448 आदेश दिनांक 03/06/24 के परिपालन में सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण/नाप दिनांक 12/06/24 दिन बुधवार को समय 10.00 बजे से मेरे द्वारा किया जाना है।

अतः आप सीमावर्ती भूमिस्वामी होने के कारण स्थल निरीक्षण/नाप के समय स्थल पर मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहें। समय पश्चात आपत्ति स्वीकार्य नहीं की जावेगी।

जारी दिनांक : 10/06/24

राजस्व निरीक्षक
आमदी



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्री कम्पनी लिमिटेड**
**( छ.रा.वि.मं.की उत्तरदायी कम्पनी )**

क्रमांक 10-32 / क्रय / विज्ञापन / 253 पाटन, दिनांक 10 JUN 2024

-:: सूचना ::-

समस्त सम्मानीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.06.2024 दिन मंगलवार को छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के 220 / 132 के.व्ही. पाटन उपकेन्द्र में जम्पर जोड़ने के कार्य हेतु (Shutdown) लिया जा रहा है। जिसके कारण 132/33 के.व्ही. पाटन एवं अमलेश्वर उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त 33 के.व्ही. लाईन सुबह 08:00 बजे से 10:00 बजे तक बंद रहेगा।

33/11 के. व्ही. उपकेन्द्र :- अमलेश्वर, ग्रीन अर्थ, झीट, उरला, जामगांव (टी), घुघवा, परसदा, गाड़ाडीह, जामगांव (आर), बेल्हारी, रानीतराई, पाटन, फुण्डा, सेलुद, सोनपुर, केसरा, मुचान्दुर, एवं पुरई से संबंधित समस्त उपकेन्द्र से प्रदाय किये जाने वाले गांवो के उपभोक्ताओं की विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।

नोटः- विद्युत अवरोध के समय में आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

असुविधा के लिए खेद है।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें"
"विद्युत देयकों का भुगतान समय पर करें एवं असुविधा से बचें"

( इंजी. सी. एल. साहू-92331254)
कार्यपालन अभियंता ( संचा/संधा) संभाग
छत्ती. स्टेट पावर डिस्ट्री कम्प. लिमि. पाटन

S- 40320/1



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821

No. 03-11/SE(HR)-III/HR/Veh./W-T-94/1714 Raipur Date: 7-06-2024

**TENDER NOTICE**

CSPGCL invites sealed bids from prospective bidders/contractors for the following works :-

| क्रं. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03-11/ HR / SE(HR)-III/ Veh./ W-T-94 /1714 , dated 07.06.2024 | Proposal for hiring of a vehicle category-II car for ACE(HR)-Corp.Aff, CSPGCL, Raipur for a period of 02 years. | रु. 590/- वापसी योग्य नहीं (जीएसटी सहित) | रु.10,500/- वापसी योग्य |
| 2 | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 01.07.2024 | 17:00 बजे तक |
| 3 | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 02.07.2024 | 15:30 बजे तक |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 02.07.2024 | 16:00 बजे |
| 5 | निविदा की संपूर्ण जानकारी हेतु कंपनी की वेबसाइट http://www.cspc.co.in/cspgcl/tender/ tendernotices /CentralOffices से प्राप्त की जा सकती है । निविदा संबंधी किसी भी प्रकार के परिवर्तन की जानकारी वेबसाईट पर ही उपलब्ध होगी। | | | |
| 6 | निविदा खोला जाना या रद्द करना कंपनी के क्षेत्राधिकार में आता है । | | | |

"SAVE ELECTRICITY"

CHIEF ENGINEER (HR)
CSPGCL::RAIPUR



**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD.**
(A GOVERNMENT OF CHHATTISGARH UNDERTAKING) (A SUCCESSOR COMPANY OF CSEB)
O/O THE SUPERINTENDING ENGINEER, (CC-I), RAIPUR Website - www.cseb.gov.in Office Mail ID – secc.raipur@cspc.co.in
Phone No. 0771-2574800, 2574801 Fax No. 0771-2574805

**NOTICE INVITING TENDER THROGU E-BIDDING**

E-tenders are invited against NIT No.10-10/Pur/**TR- 2024_03 dated 10.06.2024 due date 01.07.2024** from **experience & Eligible Contractors** for following work.
**RFX No. - 8100036937**


Awarding contract for engagement of **3 nos.** Security Guard under City Circle-I, CSPDCL, Raipur, the period of contract will be for **3 years** on the monthly rate basis. The CSPDCL reserves the right to extend the term of contract period for further 01 year at the same rate, terms and conditions on mutual understanding between CSPDCL and Contractor. GST will be paid extra on production of actual documentary evidence. Tentative contact value will be Rs. **1730508/-** including GST (18%)

Details of Tender, Technical Specifications, Terms and Conditions etc are available on our website www.cseb.gov.in www.cspdcl.co.in and ebidding.cspdcl.co.in. Last date and time of submission of bid is on **01.07.2024 upto 01:30 P.M**. and due date of opening is on **01.07.2024 upto 02:00 P.M** The Tender document can also be downloaded from CSPDCL's official website mentioned above. The cost of required Tender fee of Rs. 2000/- may be deposited in this office by cash or though MICR Demand Draft drawn in favour of "Sr. A.O.-I, C.S.P.D.C.L., Raipur" should be received in this office on or before **01.07.2024 upto 01:30 P.M** which is not refundable. An amount of 1% of the Tender value i.e Rs.**17000/- (Rs. Seventeen Thousand)** only towards EMD has to be deposited by the Contractor in this office through MICR Demand Draft drawn in favour of "The Sr. A.O.-I, C.S.P.D.C.L., Raipur". The Envelopes containing cost of the Tender Money and EMD must be super scribed clearly with 'Tender work name', 'Tender No. & Date', Cost of Tender Money/EMD amount with details of MR/DD, due date of opening and name of firm with Address, Tel/Mob No. and shall be addressed to S.E. City Circle-I, CSPDCL, Old Mantralaya, Raipur. NON-MICR DEMAND DRAFTS WILL NOT BE ACCEPTABLE IN BOTH THE ABOVE CASES. The Notice for extension of Due Date oftender submission/opening/corrigendum/amendment, if any, to the tender document will not be published in newspapers. It will only displayed on CSPDCL's official websites as mentioned above

SAVE ELECTRICAL

Superintending Engineer
City Circle-I, CSPDCL: Raipur


## शब्द पहेली - 5538



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5537 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5549

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5548 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# रियासी हमले के गुनहगारों को उन्हीं की भाषा में मिलना चाहिए करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के ठीक बीच जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों को उन्हीं की भाषा में करारा जवाब दिया जाना चाहिए। इसके लिए भारतीय सेना सहित अन्य सुरक्षाबल देश की सीमाओं के भीतर और उसे लांघकर जवाबी कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से सक्षम और स्वतंत्र हैं। वह इस पूरे मामले का ग्राउंड पर गहन विश्लेषण कर जवाबी कदम उठा सकते हैं। जिससे ना केवल आतंकवादियों को बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले पाकिस्तान की भी अक्ल ठिकाने पर आ जाएगी। लेकिन इस हमले के बाद वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा पर भी हमले का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने रियासी आतंकी हमले के बाद हरिभूमि से बातचीत में दी गई प्रतिक्रिया में दी।

**वैष्णो देवी, अमरनाथ यात्रा पर बढ़ा खतरा :** सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि देश के पास एक काबिल सेना और सुरक्षाबलों की ऐसी मजबूत फौज है जो किसी भी परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए हरदम तैयार है। आमतौर पर यह देखा गया है कि जब भी हमारी तरफ से ये ऐलान किया जाता है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा अगला कदम क्या होगा? तो उससे संबंधित घटना के कसूरवारों को संभलने का वक्त मिल जाता है।

### वैष्णो देवी, अमरनाथ जैसी पवित्र तीर्थ यात्राओं पर बढ़ा आतंकी हमले का खतरा

**आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत**

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एसबीएस अस्थाना ने कहा कि मुझे इस बात को लेकर कोई शक नहीं है कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में तैनात सेना और अन्य सुरक्षाबलों को रियासी आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को जल्द मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन ये भी स्पष्ट है कि यह हमला पूरी तरह से एक सुनियोजित आतंकी हमला था। जिसमें पाकिस्तान और उसकी नापाक सेना का हाथ है। आम चुनाव के बाद देश में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में ना बुलाए जाने से आगबबूला पाकिस्तान ऐसा कायराना हमला कर अपनी और आतंकियों की मौजूदगी का अहसास कराना चाहता है। जिससे भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वो पड़ोस में मौजूद आतंकवाद का जड़ से खात्मा करने के लिए उस पर करारी चोट करता रहेगा।



## केरल से इकलौते भाजपा सांसद सुरेश गोपी नहीं छोड़ेंगे मंत्री पद

**नई दिल्ली।** केरल के त्रिशूर से नवनिर्वाचित बीजेपी सांसद सुरेश गोपी के मंत्री पद की शपथ लेने के बाद खबर चल रही है कि वह अपने पद से इस्तीफा देने जा रहे हैं। अब इस तरह की खबरों का उन्होंने खुद खंडन किया है। केरल से वह बीजेपी के इकलौते सांसद हैं, जिन्हें मोदी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। बीते दिन मंत्री पद की शपथ लेने वाले 72 सांसदों में वह भी शामिल थे। सुरेश गोपी ने अपने एक एक्स पोस्ट में कहा, "कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने जा रहा हूं।

## ‘ओडिशा : कौन होगा मुख्यमंत्री आज हो सकता है खुलासा’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ओडिशा में कौन मुख्यमंत्री बनेगा इसको लेकर अटकलों का दौर जारी है। कोई अनजान चेहरा मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठेगा या फिर किसी जाने पहचाने नेता को बागडोर सौंपी जाएगी, इस पर कयास नतीजे आने के दिन चार जून से ही लगाये जा रहे हैं। केन्द्र में एनडीए की सरकार के गठन में छह दिन लग गये, भाजपा हाईकमान ने इस दौरान ओडिशा में बनने जा रही अपनी पहली सरकार का मसला थोड़ा टाल दिया था, मोदी के पीएम बनने के बाद अब पूरा फोकस ओडिशा की तरफ घूम गया है। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेन्द्र यादव मंगलवार को भुवनेश्वर में भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री को लेकर राय जानेंगे। राज्य सरकार का शपथ ग्रहण समारोह बुधवार 12 जून को होना है लिहाजा चर्चा यही है कि मंगलवार को इस बात का खुलासा हो जाएगा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी कौन संभालेगा। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम को लेकर की जा रही सभी भविष्यवाणियों को झूठा साबित कर दिया था।

**खास बातें**

- सामल, पुजारी और मुर्मू को लेकर अटकलों का दौर गर्म, महिला विधायक सुरमा पढी और पार्वती परीदा पर भी लग सकता है दांव
- राजस्थान, मध्यप्रदेश और छग की तर्ज पर किसी अनजान चेहरे को भी सौंपी जा सकती है सरकार की कमान

## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए सात राष्ट्राध्यक्षों संग हुई जयशंकर की द्विपक्षीय बैठकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वाले सात पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसमें मालदीव के राष्ट्रपति डॉ.मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ‘प्रचंड’, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हुए। यह जानकारी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर कुछ पोस्ट में दी। उधर, जानकारों का मानना है कि विदेश मंत्री की इन द्विपक्षीय बैठकों के जरिए भारत के इन सातों पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी।

## 100 दिनों की कार्ययोजना के साथ 72 मंत्रियों को मिला ‘होमवर्क’

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



मोदी सरकार के सत्ता में आते ही सबसे पहले ये फिक्स किया गया कि मीडिया को कोई भी खबर किसी भी स्तर की लीक न हो। इस बात की ताकीद खुद समय समय पर पीएम मोदी करते रहते हैं। यही वजह थी कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद पीएम ने सांसदों को संबोधित करते हुए मीडिया की खबरों से खबरदार करते हुए सचेत किया था। मोदी सरकार के अंदरखाने की खबरें बाहर आना एक बार फिर कठिन साबित हो रहा है। न समय से पहले सभी मंत्रियों के नाम सामने आ पाए और न ही मंत्रियों के विभागों के बंटवारे की खबर छन कर आई। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि किसी भी गठबंधन दल के नेताओं के बीच मंत्रालय को लेकर न तो कोई असमंजस की स्थिति थी, न ही कोई कंफ्यूजन था। गठबंधन दल के नेताओं को कम से कम पता था कि उनके दल से बन रहे मंत्रियों को कौन सा विभाग मिलने वाला है।

### पीएम मोदी ने सभी का नये सिरे से हौसला बढ़ाया

मोदी मंत्रिमंडल के गठन के बाद आज सोमवार को कामकाज का पहला दिन था। पीएम मोदी ने किसानो के लिए और गरीबों के लिए योजनाओ की शुरुआत से कामकाज की शुरुआत कर साफ संकेत दे दिये। पीएमओ कर्मियों के साथ बैठक कर नरेंद्र मोदी ने सभी का नये सिरे से हौसला बढ़ाया। फिर कैबिनेट की लंबी बैठक। यानी कामकाज का पहला दिन खुद पीएम मोदी ने बेहद बिजी रख कर सहयोगियों को मेहनत से काम करने का संकेत दिया। पीएम मोदी ने पहली कैबिनेट की बैठक अपने आवास पर बुलाई। सभी मंत्रियों के हाथों में मंत्रालय का ब्यौरा था।

**छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल**
पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.) 492002

**// सर्वसंबंधितों को सूचना //**

भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 (यथा संशोधित) के तहत् सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि Expansion of Raigarh Thermal Power Plant by adding 1600 (2x800) MW Ultra Super Critical Technology to existing 600 (1x600) MW within the plant premises at Village Chhote Bhandar, Bade Bhandar, Sarvani & Amli Bhanuna, Tehsil-Pussore, District - Raigarh, Chhattisgarh by M/s Adani Power Limited की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई बाबत् छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल में आवेदन किया गया है। उक्त क्षमता विस्तार परियोजना के संबंध में आपत्ति / सुझाव / विचार / टीका-टिप्पणी, इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रुप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए **लोक सुनवाई दिनांक 12/07/2024, दिन- शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से स्थल - शासकीय उच्च माध्यमिक शाला के समीप का मैदान, ग्राम-सुपा, तहसील - पुसौर, जिला - रायगढ़ (छ.ग.)** में नियत की गई है। यह भी सूचित हो कि लोक सुनवाई के दौरान भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक F.No. IA-J-11011/154/2021-IA.II(I), दिनांक 17/05/2021 एवं भारत सरकार, गृह मंत्रालय के आदेश दिनांक 30/09/2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों तथा कानून व्यवस्था के दृष्टिकोण से लोक सुनवाई की कार्यवाही संपन्न कराया जाना है।

ई.आई.ए. अधिसूचना दिनांक 14 सितंबर 2006 (यथा संशोधित) के अनुसार, संबंधित व्यक्तियों के अवलोकन / पठन हेतु ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट अंग्रेजी भाषा में एवं इसकी संक्षिप्त सार रिपोर्ट हिन्दी एवं अंग्रेजी तथा सी.डी. (सॉफ्ट कॉपी) कार्यालय कलेक्टर रायगढ़, कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़, कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), रायगढ़, जिला-रायगढ़, क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, टी. व्ही. टॉवर रोड रायगढ़, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - पुसौर, जिला - रायगढ़, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत-बड़े भण्डार, बरपाली, छोटे भण्डार, कोतमरा, टपर्दा, जतरी, सुपा, तिलगी, सिहा, पुसल्दा, रूचिदा, चिखली, बुनगा, बोन्दा, घुघवा, लिटाईपाली, सेमरा, रनभाठा, तहसील - पुसौर, जिला - रायगढ़ एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत - डभरा, नगर पंचायत - चंद्रपुर, जिला-सक्ती, सरपंच / सचिव कार्यालय ग्राम पंचायत-चंदली, कलमा, पल्सदा, बारगुड़ा, बालपुर, गोपालपुर, बोरसी, हरदी, मिरौनी, मड़वा, तहसील-डभरा, जिला-सक्ती, डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, नई दिल्ली, एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय अरण्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर - 19, नवा रायपुर एवं मुख्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19, नवा रायपुर (छ.ग.) में रखी हुई है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल,
नवा रायपुर अटल नगर, जिला- रायपुर (छ.ग.)

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**एजूकेशन स्पेशल**
कोटा पर सर्कल मोनो आवश्य देखें।
कोटा स्टडी सर्कल® भिलाई/रायपुर
नुपूर प्रधान 536/720
NEET, IIT-JEE PET/PAT
विशेषताएं
- कोटा ट्रेन्ड टीचर्स
- हिन्दी तथा अंग्रेजी माध्यम के प्रथक प्रथक बैचस
- गर्ल्स एवं बॉयस के लिए अलग होस्टल
रायपुर कोटा सेंटर
राजकुमार कॉलेज के सामने जीई रोड रायपुर
9301547784
भिलाई कोटा सेंटर
बिल्डिंग नं. 150 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई
9098534927

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यमः पहली से पांचवी, 6वीं- 10वीं हिंदी, गणित, विज्ञान, संस्कृत एवं 11वीं- 12वीं में बायो, फिजिक्स, केमिस्ट्री, इंग्लिश, कंप्यूटर शिक्षक/ शिक्षिकाओं, चपरासी की आवश्यकता। **साक्षात्कार 14. 06. 2024, प्रातः 10 बजे- 1 बजे तक, रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, अश्वनी नगर, 0771-2241548.**(RO-7486)

आवश्यकता है- Uday Convent school kumhari & C.P S. School kumhari, Teacher Requirement for maths And English Subject. Qualification : Post Graduation, B.Ed. Contact, mo.- 96910-28777, 94062-17841.(Ro -503)

क्लासीफाईड

**डाटा एंट्री/फिल्ड वर्क**

आवश्यकता है- अकाउंटिंग, डाटा एंट्री , टैली कॉलिंग , फिल्ड वर्क एवं अनुभवी सेल्स ऑफिसर के लिए लडके लड़कियो की आवश्यकता है इच्छुक कडिडेट संपर्क करें...। M TRUCKY लॉजिस्टिक्स एंड ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड एड्रेस- 109 फर्स्ट फ्लोर प्रोगेसिव प्वाइंट लालपुर रायपुर ऑफिस नंबर- 07713517244, 9109813063.(RO-6268)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- तीन चक्का इलेक्ट्रिक माल वाहक ऑटो चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। **अशोक इंटरप्राजेज आशीर्वाद धर्म कांटा के पास उरला बिरगांव रायपुर मिलने का समय सुबह 9:00 से 8:00 तक मोबाइल नंबर 8770676924** (Ro -4425)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- होलसेल दवाई दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है **सम्पर्क करें- किरण सेल्स गली नम्बर-2 माता गैरेज के पास पंडरी, रायपुर** (RO-3150)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000/- महीना योग्य उम्मीदवार को ज्यादा वेतन **संपर्क करें, वायर हाऊस जवाहर नगर एम.जी. रोड रायपुर** (RO-1220)

**गोडाऊन/ड्रायवर**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.**(RO-111)

**टीचर/माली/ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता है- कॉलेज/स्कूल के लिए शिक्षक/शिक्षिका एवं बाबू (कलर्क)/ रिसेप्सनिस्ट/ ड्राईवर/ माली/ सफाई कर्मचारी की आवश्यकता है, **इच्छूक शीघ्र सम्पर्क करे उदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट जामुल भिलाई -74709-84997.**(Ro -505)

**लेबर/हेल्पर**

आवश्यकता है- रायपुर गोगांव स्थित कारखाने में कार्य करने के लिए लड़के (लेबर हेल्पर) की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन रहने की सुविधा उपलब्ध **संपर्क करे:- 9111456685,** (RO-678)

**साफ/सफाई**

आवश्यकता है- आदर्श नगर पोटिया चौक के पास, ज्योति ऑप्टिकल कम्पनी में , साफ सफाई हेतु बाई की , कार्य समय 9:30 से 8:30, मिले- शाम 4 से 5 , **ज्योति ऑप्टिकल तहसील ऑफिस रोड ,सराफा बाजार दुर्ग** (आरो न.-210)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- डिटॉल कंपनी के आईटमो की रायपुर मार्केट में बुकिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है **संपर्क करें अग्रवाल एजेसी पुरानी बस्ती रायपुर** Mob. 9826416557 (Ro -2808)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- मुख्यालय छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया सी.एस.डी. कैंटीन रायपुर, एक्सटेंशन काउंटर बिलासपुर, दुर्ग और नया रायपुर में विभिन्न पदों पर संविदा के तहत ग्यारह महीने के लिए नियुक्तियाँ की जाएगी। भर्ती के लिए आवेदन ऑफिशियल email id- hqcosaurc1985@gmail.com पर करें। अधिक जानकारी के लिए https://www.hqcosaraipururc.in/ पर विजिट करें। (RO-2791)

**एजेंट**

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंट चाहिए फाइनेंस कंपनी के लिए कवर्धा, धमतरी, और बेमेतरा में कलेक्शन एजेंट की आवश्यकता है। वेतन 10,000/- से 25 हजार तक। **संपर्क-8827552714, 8319930424.**(RO-6274)

**सेल्सगर्ल/हेल्पर**

आवश्यकता है- SPDM SUPERMARKET Kamal Vihar Office ke liye Helper- 3, Sales Girls- 6, Peon- 3, Yogyata 12 to Graduation. Contact- SPDM MART A-6, Sector 8-A Near Shree Venkatesh Hospital Kamal Vihar Raipur 8770391812, 9329686862. (RO-2810)

**क्लीनिक कार्य**

आवश्यकता है- क्लिनिक में कार्य करने हेतु 2- लड़कों की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता- 8वीं पास **संपर्क- माधवबाग क्लिनिक, अग्रोहा कालोनी, रायपुरा, रायपुर 8770484939, 9425577139.** (RO-6275)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**टीचर**

आवश्यकता है- उप प्राचार्य, गणित, भौतिकी, रसायन, कॉमर्स, विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक अध्ययन (सभी दो पद) रिसेप्शनिस्ट, ड्राइवर की आवश्यकता है पूर्ण बायोडाटा के साथ **संपर्क कीजिए शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल, चंगोराभाटा रायपुर**(RO-6268)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 टेलीकॉलर- 2 (अनुभव आवश्यक नहीं) **संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461.** (RO-2797)

**मैनेजर**

आवश्यकता है- दुर्ग भिलाई- सर्वे कार्य में मैनेजर की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार- **मो.-62682-79954.**(आरो न.-207)

**देखभाल**

आवश्यकता है- चंदखुरी, रायपुर स्थित कुत्तों के अस्पताल में 10 -12 स्वीपर/ केयर टेकर/ कुत्तों की देखभाल, खाना खिलाने के लिए लड़कों की आवश्यकता, खाने रहने की सुविधा है। **संपर्क- 998 1116210.**(RO-7487)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- कटनी, ग्वालियर में रहकर ऑफिस में कार्य करने हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 6264375417, 8965876358.**(RO-34415)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ऑपरेटर/अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- राजनांदगांव से 30 किलोमीटर उरईडबरी में स्थित रीच पेट्रोल पम्प में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट (कम्प्यूटर ऑपरेटर) एवं पेट्रोल पम्प हेतु लड़को की आवश्यकता हैं। **सम्पर्क करें- 8109411676** (Ro -7485)

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए (18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification Call/ SMS/ WhatsApp/ **करें - 07903284986.** (RO-258)

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित/ बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 45,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1322)

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए (15000-45000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ WhatsApp/ SMS **करें- 7003467406, 8961256017.**(RO-256)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - लोन ! लोन! लोन गुरु कृपा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्क :- 7566746330.** (RO-259)

फाइनेंस- Kotak Mahindra finance company (काम हमारा विश्वास आपका) सरकारी योजना (10+2), मार्कशीट, बिजनेस, 30 लाख से 50 लाख लोन। online सुविधा घर बैठे पाये। 2% ब्याज, 30% सब्सिडी। (सिविल खराब लोन पाएं) **09350386748.** (Ro -2806)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्कः-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

बेचना है - 30X50 के दो आवासीय डायवर्टेड प्लाट कुल 3000 वर्ग फीट सत्या विहार कालोनी, कौशल्या माता मंदिर के पास चंदखुरी से मात्र 600 मीटर और दिशा कालेज कैम्पस से फोरलेन रोड से मात्र 50 मीटर की दूरी पर अतिशीघ्र बेंचना है। **मो. 94241-46997, 78986-87010** (RO-6271)

बेचना है/किराये से - परसुलीडीह LIG मकान बेचना है एवं कबीर नगर में 2 BHK फ्लैट किराए से देना है **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9425511176.**(RO-2803)

**Available उपलब्ध**

लीज पर जगह उपलब्ध- नंदनवन हथबंध रोड स्थित फार्म हाउस में एक एकड़ जगह फीश फार्मिंग (मछली उत्पादन) के लिये लीज में देना हैं। **सम्पर्क करें: मो. नं. 6263558400** (Ro -7484)

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Healthcare**

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र
1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी
संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

सोरियासिस (Psoriasis)
सोरायसिस रोग एक लाईलाज बीमारी को किसी तरह अपनी मर्जी से कोई चुटकुले दवा या मोबाइल देखकर खुद ईलाज ना करे। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमें कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म किया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाइंटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)



# जेईई-एडवांस्ड में कोटा एलन स्टूडेंट वेद लाहोटी ऑल इंडिया टॉपर

- जेईई एडवांस्ड के इतिहास में सर्वाधिक 360 में से 355 अंकों के साथ 98 .61 पर्सेन्ट स्कोर
- एलन के टॉप-10 में 4 और टॉप-100 में सर्वाधिक 45 क्लासरूम स्टूडेंट्स




हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोटा

जेईई एडवांस्ड के नतीजों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने ऐतिहासिक परिणाम दिए हैं। आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित परिणामों में कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहौटी ने आल इंडिया टॉप किया है। वेद ने आईआईटी जेईई के अभी तक के इतिहास में सर्वाधिक पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त किया है। वेद ने 360 में से 355 अंक के साथ 98.61 पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त किए हैं।

परिणाम जारी होने के साथ ही कॅरियर सिटी कोटा में जोश और उत्साह का माहौल है। यहां एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में निदेशक राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का अभिनन्दन किया। एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि अब तक देखे गए परिणामों में एलन के क्लासरूम से टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स और टॉप-100 में 45 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है, जो कि देश में सर्वाधिक है।

टॉप-10 में रैंक-1 के साथ एआईआर-4 पर रिदम केडिया, 6 पर राजदीप मिश्रा, 7 पर द्विजा पटेल हैं। द्विजा पटेल आल इंडिया गर्ल टॉपर भी रही है। इसके साथ ही टॉप-50 में एआईआर-12 पर राघव शर्मा, 15 पर शॉन थॉमस, 16 पर बिस्मित साहू, 21 पर शौर्य अग्रवाल, 22 पर नमिश, 23 पर अंश गर्ग, 26 पर मितांशु, 28 पर शेखर झा, 29 पर मोहम्मद सूफियान, 30 पर सागर वी, 31 पर इशान गुप्ता, 35 पर रिशित अग्रवाल, 36 पर विदिप रेड्डी, 37 पर अंशुल गोयल, 38 पर अक्षर झाला, 40 पर अरनव, 44 पर आदिश्वर सिंह व 49 पर अवैद रहे हैं। आल इंडिया रैंक-69 पर एलन लाइव क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र अविक दास रहे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस बार अपने सभी रिजल्ट्स को अंतरराष्ट्रीय ऑडिटर फर्म अर्नस एण्ड यंग (ईवाइ) से उनके मापदण्डों के अनुसार सत्यापित करवाया है। एलन का यह रिजल्ट्स की ऑर्थेटिसिटी की दिशा में एक अभिनव प्रयास है। एलन देश में पहला संस्थान है जो अपने परिणामों को सत्यापित करवा रहा है।

### जिद थी, सर्वाधिक नम्बर लाने हैं

वेद लाहोटी- इंस्टीट्यूटः एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड- आल इंडिया रैंक-19- पिता- योगेश लाहोटी, माता - जया लाहोटी - "असंभव कुछ भी नहीं है। यदि ठान लिया जाए तो सब संभव है। जीवन में लक्ष्य होना चाहिए और वो बड़ा होना चाहिए। इसके बाद मेहनत भी उसी स्तर की होनी चाहिए। अपनी मेहनत पर भरोसा रखें। यदि आपने टारगेट के अनुसार मेहनत की है तो आपको सफलता भी जरूर मिलेगी।"

## बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया

# शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और एचडीएफसी बैंक के शेयर में बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुए।

दिन में कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। छोटे और मझोले शेयरों ने निवेशकों को कमाई कराना जारी रखा। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों को आज दिन भर में करीब 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ।

### सेंसेक्स 76,490 अंक पर हुआ बंद

हालांकि, कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 अंक के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था।

### सेवा क्षेत्र में रही तेजी

क्षेत्रवार बात करें तो सेवाओं में 1.61 प्रतिशत, रियल्टी में 1.34 प्रतिशत, जिंस में 1.28 प्रतिशत, यूटिलिटी में 1.11 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा में 0.77 प्रतिशत और औद्योगिक क्षेत्र में 0.49 प्रतिशत की तेजी आई। दूसरी ओर आईटी, वाहन, धातु और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गिरावट रही।

### निफ्टी गिरकर 23, 259 अंक पर बंद

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 121.75 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 23,411.90 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रिमंडल में 72 सदस्य शामिल हैं।

- निवेशकों ने आईटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में की बिकवाली
- निवेशकों को हुआ 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा
- कारोबार के आखिर में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया



*फेड घटा सकता है जल्द ब्याज दर : तापसे ने कहा कि अमेरिका के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती जल्द नहीं होगी, जिसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भी बाजार में सुस्ती रही। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.04 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप 0.56 प्रतिशत के लाभ में रहा।*

### बाजार में नए उत्प्रेरकों की कमी

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,391.02 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजार में फिलहाल नए उत्प्रेरकों की कमी है। इससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है।'

### इंफोसिस में रही गिरावट

माना जा रहा है कि तीसरे कार्यकाल में सरकार निरंतरता कायम रखने पर ध्यान देगी। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

### अल्ट्राटेक सीमेंट रहा लाभ में

दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'सेंसेक्स के अपने नए उच्चस्तर से फिसलने के कारण बाजार में अस्थिरता लौट आई है। आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली के बीच कारोबार के अंत में सूचकांक तेजी से गिरा।'

### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट हुई। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## रिलायंस पावर बन गई एकल आधार पर ऋण-मुक्त कंपनी

- ऋणदाताओं का सारा बकाया कर्ज चुका दिया

नई दिल्ली। रिलायंस पावर ने ऋणदाताओं का सारा बकाया कर्ज चुका दिया है और अब वह एकल आधार पर कर्ज-मुक्त कंपनी बन गई है। कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज था जिसे बैंकों को चुका दिया गया है। रिलायंस पावर ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच आईडीबीआई बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस सहित विभिन्न बैंकों के साथ कई ऋण निपटान समझौतों पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने अब इन बैंकों का पूरा कर्ज चुका दिया है। दिसंबर 2023 में रिलायंस पावर ने अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 1,200 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के विकास अधिकार टीएचडीसी को 128 करोड़ रुपये में बेचे।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 584/लो.क.वि./न.पा.नि./2024 रायगढ़ दिनांक 10.06.2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा विभिन्न स्थानों पर चबुतरा निर्माण कार्य, आरसीसी नाली, सीसी सड़क, तालाब में पचरी एवं एप्रोच रोड निर्माण कार्य 05 कार्यों के लिए हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में दिनांक 28.06.2024 तक दरें आमंत्रित है। विस्तृत जानकारी नगर पालिक निगम, रायगढ़ कार्यालय एवं वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/uad.cg.gov.in से का अवलोकन कर सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

## कार्यालय - जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग (छ.ग.)

फोन नंबर : 0788-2322964 Email- centraljail-durg.cg@nic.in

**परिशिष्ट-2**
**(नियम 4.4.2 )**
**निविदा सूचना, वर्ष 2024-25**

केन्द्रीय जेल दुर्ग में संचालित लौह, काष्ठकला एवं आफसेट प्रिंटिंग/स्क्रीन प्रिंटिंग प्रेस उद्योग के लिए आवश्यक कच्चा माल, औजार एवं उपकरण क्रय करने हेतु निविदाएं सीलबंद लिफाफे में दिनांक 26.06.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक व्यापारी निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी कार्यालय समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 01.00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

01.निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि 25.06.2024 समय सुबह 10.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक।
02.निविदा जमा करने की तिथि 26.06.2024 समय सुबह 10.00 बजे से अपरान्ह 02.00 बजे तक।
03. निविदा खोले जाने की तिथि 26.06.2024, समय सायंकाल 04.00 बजे स्थान कार्यालय जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग।
04. निविदा प्रपत्र एवं शर्तें जेल अधीक्षक, केन्द्रीय जेल दुर्ग के कार्यालय में आवेदन (आयकर प्रमाण पत्र के साथ) प्रस्तुत कर रू. 5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। निविदाकार निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी जेल विभाग की वेबसाइट jail.cg.gov.in से डाउनलोड करके निविदा में भाग ले सकेगा, ऐसे निविदाकार को निविदा शुल्क आवेदन के साथ (आयकर प्रमाण पत्र सहित) रू.5,000/- (रू. पांच हजार मात्र) निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व नगद भुगतान करना होगा।

जेल अधीक्षक केन्द्रीय
जेल दुर्ग (छ.ग.)

G-242500151/2

# छत्तीसगढ़ एजुकेशन करेगा नीट क्वालिफाइड बच्चों का मार्गदर्शन

रायपुर। छत्तीसगढ़ एजुकेशन एवं करियर गाइडेंस, रायपुर ने नीट (नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट) में क्वालिफाइड बच्चों के लिए मार्गदर्शन और परामर्श की सुविधा प्रदान कर रही है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उनके करियर के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी देना और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन करना है।

छत्तीसगढ़ एजुकेशन एवं करियर गाइडेंस द्वारा एमबीबीएस, बीएमएस, बीडीएस, बीफार्म, डिफॉर्म, नर्सिंग जैसे कोर्सेज के लिए जरूरी जानकारी और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में मार्गदर्शन दिया जा रहा है। संस्था द्वारा आयोजित मार्गदर्शन कार्यक्रम में विशेषज्ञ शिक्षकों और करियर काउंसलरों द्वारा छात्रों को सही करियर विकल्प चुनने में सहायता प्रदान की जाती है। इसमें छात्रों की व्यक्तिगत रुचियों और योग्यता के आधार पर उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन किया जाता है। संस्था के विशेषज्ञों का मानना है कि सही समय पर उचित मार्गदर्शन से छात्रों का करियर सही दिशा में आगे बढ़ सकता है।

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता
## परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. - 1
## छत्तीसगढ़ ग्रामीण सडक विकास अभिकरण, रायपुर

Phone No. 0771-4916120, E-mail ID- cg-rai@pmgsy.nic.in

क्र. 784 / ले अ/ छगग्रासविअ / 2024 रायपुर, दिनांक 07/06/2024

**// निविदा की सूचना //**

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण में रखी शासकीय वाहन क्रमांक सी.जी. 02 टाटा 407 टर्बो (मोबाईल वेन) को विक्रय किया जाना है। इस हेतु निविदा दिनांक 20.06.2024 को दोपहर 3.00 बजे तक कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक निविदाकार वाहन के अवलोकन एवं विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

**वाहन का विवरण**

| वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | ऑफसेट प्राईस | जमानत राशि |
|---|---|---|---|
| सी.जी. 02-2886 | टाटा 407 टर्बो (मोबाईल वेन) | रू. 29000/- | रू. 3000/- |

कार्यपालन अभियंता
परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. -1
छ.ग. ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण
रायपुर (छ.ग.)

S-40310/4

## कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख, छत्तीसगढ़
## अरण्य भवन, सेक्टर-19, नॉर्थ ब्लॉक, अटल नगर, नवा रायपुर,

फोन / फैक्स 0771-2512817, ईमेल apccfng@gmail.com

**वनरक्षक के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन**

छत्तीसगढ़ राज्य, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के विभिन्न कार्यालयों/वनमण्डलों में वनरक्षक के 1484 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु दिनांक 20.05.2023 से दिनांक 11.06.2023 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था, जिसका विज्ञापन समाचार पत्रों में दिनांक 20.05.2023 को (विज्ञापन क्रमांक जी 01488) प्रकाशन हुआ था। अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com में उपलब्ध है, जिसमें से अभ्यर्थी अपना नाम एवं अन्य विवरण देख सकते हैं। जिन अभ्यर्थी आवेदन नही भर पाये थे या आवेदन में त्रुटि के कारण आवेदन अमान्य किया गया था, उन्हें एक और अवसर प्रदान करते हुए, सम्पूर्ण छ.ग. राज्य के मूल निवासियों से ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 12.06.2024 से दिनांक 01.07.2024 रात्रि 11:59 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन, विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com पर किये जा सकेंगे। रिक्त पदों की जानकारी, नियम एवं शर्ते पूर्ववत रहेंगे। भर्ती प्रक्रिया के नियम / शर्ते, रिक्त पदों का विवरण एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cgforest.com में पुनः उपलब्ध कराया गया है। जिन अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र भर चुके हैं एवं जिनके नाम पात्र सूची में है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। पात्रता हेतु मापदण्ड पूर्ववत ही रहेंगे।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक
(प्रशा./अराज.)
छ.ग. नवा रायपुर, अटल नगर

G-242500169/2

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक – 35 / ज.स.अ. / 2024 **निविदा संशोधन सूचना** रायपुर, दिनांक 10/06/2024

नगर निगम जोन क्रमांक-8 द्वारा जारी निविदा क्र. 01 दिनांक 07/06/2024 को जारी किया गया था। उक्त निविदा में कार्य में सिस्टम टेंडर नंबर 154643 में संशोधन किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | पूर्व कार्य का विवरण | संशोधित कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01 अंतर्गत हीरापुर जरवाय बी.एस.यू.पी. में संधारण कार्य के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने का कार्य (राशि रू. 27.30 लाख) | वीर सावरकर नगर वार्ड क्र. 01 अंतर्गत हीरापुर जरवाय बी.एस.यू.पी. में संधारण कार्य के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने का कार्य (राशि रू. 22.86 लाख) |

शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्र. 8, नगर पालिक निगम, रायपुर

## श्री नारायण प्रसाद अवस्थी, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

निविदा प्रपत्र मूल्य रू.-500/-

क्रमांक/स्टोर/ 2024 /2442-46 रायपुर, दिनांक 07.06.2024

**-:: आयुर्वेद पुस्तकों एवं जर्नल्स प्रदाय करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम निविदा आमंत्रण ::-**

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) विभागों एवं ग्रंथालय के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आयुर्वेद पुस्तकों एवं जर्नल्स प्रदाय करने हेतु प्रतिष्ठित प्रकाशकों विक्रेताओं से प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 26.06.2024 दिन बुधवार, सायं 05:00 बजे तक कार्यालय से राशि रूपये 500/- (रूपये पांच सौ रूपये मात्र) नगद जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं -

निविदा बिक्री अंतिम तिथि - दिनांक 26.06.2024 बुधवार सायं 05.00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 27.06.2024 गुरूवार 03.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि - दिनांक 27.06.2024 गुरूवार 03.00 बजे तक

स्थान :- प्राचार्य सभाकक्ष ।

प्राचार्य
शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)

G-242500131/2

- मई माह में निवेश बढ़कर 34,697 करोड़ के उच्चस्तर पर

# इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- पिछले माह के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक

इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है।

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है। इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था। इन योजनाओ में मासिक निवेश लगातार दूसरे महीने 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है। म्यूचुअल फंड उद्योग ने मई में कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह देखा, जो इससे पहले अप्रैल में 2.4 लाख करोड़ रुपये था। यह प्रवाह इक्विटी के साथ ही ऋण योजनाओं में निवेश के कारण हुआ। इस निवेश के साथ ही उद्योग की प्रबंधन के तहत शुद्ध संपत्तियां (एयूएम) बढ़कर मई के अंत में 58.91 लाख करोड़ रुपये हो गईं, जो अप्रैल के अंत में 57.26 लाख करोड़ रुपये थीं। आंकड़ों के अनुसार, इक्विटी से जुड़ी योजनाओं में मई में 34,697 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो अप्रैल के 18,917 करोड़ रुपये के आंकड़े से काफी अधिक है।

## जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला - दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)
## कलेक्टर कैंपस, पुराना कलेक्टर भवन, जिला शिक्षा कार्यालय दंतेवाड़ा

mis.dantewada@gmail.com

**विज्ञापन**

क्रं./151/समग्र शिक्षा/सक्षम/भर्ती/2024-25 दन्तेवाड़ा, दिनांक 07/06/2024

समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं बाधारहित सुविधायुक्त आवासीय सुविधा देने के उद्देश्य से संचालित सक्षम आवासीय परिसर 1 एवं 2, जावंगा विकासखण्ड गीदम, जिला दंतेवाड़ा में विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अस्थाई नियुक्ति किया जाना है, इस हेतु दिनांक 20/06/2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है । पद एवं रिक्तियों की संख्या, भर्ती एवं पात्रता की शर्ते एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता संबंधित विस्तृत विवरण दंतेवाड़ा जिले की आधिकारिक वेबसाईट www.dantewada.gov.in में देखा जा सकता है।

अध्यक्ष
एवं अनुविभागीय अधिकारी ( रा . )
भर्ती समिति, सक्षम भर्ती जिला द.ब.
दंतेवाड़ा (छ.ग.)

S-40307/2

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु सरल क्र. 1 हेतु दिनांक 18.06.2024 तक, सरल क्र. 2 से 10 हेतु दिनांक 21.06.2024 तक एवं सरल क्र. 11 से 12 हेतु दिनांक 27.06.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र./दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख मे) |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 | जिला कोरबा के कोटमी पसान कटघोरा मार्ग (राज्य मार्ग क्र. 04) कि.मी. 330 / 2 से 359 / 6 = 29.60 कि.मी. में रोड फर्नीचर एवं साईन बोर्ड का कार्य। **चतुर्थ आमंत्रण । कोरबा संभाग कोरबा ।** | 114.58 |
| 2 | 2 | त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि., उपसंभाग उपसंभाग क्र. 1 कटघोरा के राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी.। पेच मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 25.00 |
| 3 | 3 | त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि., उपसंभाग कोरबा के राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 25.00 |
| 4 | 4 | त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि., उपसंभाग भैसमा के राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 25.00 |
| 5 | 5 | त्वरित मरम्मत अंतर्गत लो.नि.वि., उपसंभाग उपसंभाग क्र. 2 कटघोरा के राज्य मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं अन्य मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी.। पेच मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण । कोरबा संभाग ।** | 25.00 |
| 6 | 6 | संभाग अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 40.00 |
| 7 | 7 | संभाग अंतर्गत आवासीय / गैर आवासीय भवनों के छत का सीपेज ट्रीटमेंट कार्य। **प्रथम आमंत्रण। कोरबा संभाग।** | 50.00 |
| 8 | 8 | वर्ष 2024-25 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत आवश्यक संधारण हेतु उपसंभाग कोनी बिलासपुर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी. टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1 बिलासपुर।** | 59.70 |
| 9 | 9 | वर्ष 2024-25 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत आवश्यक संधारण हेतु उपसंभाग क्र. 1 बिलासपुर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1 बिलासपुर।** | 59.70 |
| 10 | 10 | वर्ष 2024-25 के वार्षिक संधारण मद अंतर्गत आवश्यक संधारण हेतु उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू. एम. एम. एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य। **प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 1 बिलासपुर।** | 60.00 |
| 11 | 11 | शासकीय आई.टी.आई. हसौद में 50 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग।** | 177.13 |
| 12 | 12 | शासकीय आई.टी.आई. हसौद में 50 सीटर बालिका छात्रावास भवन । निर्माण कार्य । **प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग ।** | 177.07 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है ।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि.,बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

G-242500144/2

## POLICE HEADQUARTERS, CHHATTISGARH, NAVA RAIPUR
## TENDER NOTICE (SECOND CALL)

No. PHQ/Admn/Rectt./M - 1717 /2024 Nava Raipur Dated: 07/06/2024

Director General of Police, Chhattisgarh, Raipur, on behalf of the Hon'ble Governor of Chhattisgarh, invites sealed tenders in 03 separate envelops earmarked as (pre-qualification bid, Technical bid and Financial bid) for outsourcing following services required for the recruitment of Chhattisgarh Police, as advertised on 04-10-2023, for following items:-

| S. No. | Name of Items |
|---|---|
| 1- | Providing facilities for digital measurement of height and chest during physical standard test (P.S.T.) |
| 2- | Providing RFID system for measuring running time during Physical Efficiency Test (P.E.T.) RFID synchronization. |
| 3- | Providing Digital Technology System for measuring distance/height in shot-put, high jump and long jump |
| 4- | Printing, Scanning & evaluation of OMR written examination sheets |
| 5- | Comprehensive application software for the recruitment program including data entry and compilation of results. |

The tender document may be obtained from the office of the under signed on payment of Rs. 1,000/- (Rupees One Thousand only) in the form of Demand Draft/Banker Cheque issued by any nationalized/Scheduled bank in favour of Director General of Police, Police Headquarters, Nava Raipur, Payable at Raipur. Tender form can be downloaded from Chhattisgarh Police Website and can be submitted along with Rs. 1,000/- Demand Draft. Detail of the Scope of work & tender condition are available on the website of Chhattisgarh Police i.e. http://www.cgpolice.gov.in,

**Assistant Inspector General of Police (Administration)**
**Police Head Quarters, Chhattisgarh, Nava Raipur Pin : 492002**

The Tender offer in the prescribed tender form along with all the relevant documents sealed and completed in all the respect must be submitted as per the schedule below:-

SCHEDULE FOR TENDER

| | | |
|---|---|---|
| a) | Address for submission of Tender Document: - | Assistant Inspector General of Police(Admin.), Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur-492002 |
| b) | Pre Bid conference | 18-06-2024 at 11:30 AM |
| c) | Last date & time for availability of tender forms | 28-06-2024 till 12:00 Hrs. |
| d) | Last Date and Time for receipt of Tender: - | 28-06-2024 till 15:00 Hrs. |
| e) | Place, Time and Date of Opening Technical Bid : - | AIG (Administration), Police Headquarters, Chhattisgarh, Nava Raipur 28-06-2024 at 16:00 Hrs. |
| f) | Place, Time and Date of opening Financial Bid: - | Shall be intimated. |
| g) | Date till which the Bid to remain valid | Till 31/12/2024 or the completion of the recruitment process, whichever is later |

Note :- 1- In case of tender opening date being declared as holiday, tenders will be opened on next working day. 2-Tender forms shall not be supplied by Post. 3- Modification/Amendments/corrigendum, if any shall not be Advertised in the news paper but shall be published in the aforesaid website only.

For-Director General of Police
Chhattisgarh

G-242500139/2

## छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)

**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का नीचे दर्शित तिथि एवं समय में नीलाम किया जावेगा। इच्छुक क्रेता नीलाम में भाग ले सकते है । नीलाम की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

नीलाम दिनांक - 18.06.2024
नीलाम स्थल - चिल्फी डिपो
समय - 10:00 बजे प्रातः से

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 2.380 | 4 | 1 | 0.323 | 1 | - | 2.703 | 5 | 1 |
| साल | 268.898 | - | 1.15 | 68.043 | 14 | 29 | 336.941 | 14 | 144 |
| बीजा | - | - | - | 2.986 | 8 | 67 | 2.986 | 8 | 67 |
| साजा | 50.038 | - | 75 | 3.969 | 7 | - | 54.007 | 7 | 75 |
| सलिहा | 1.233 | - | - | 3.768 | 2 | 2 | 5.001 | 2 | 2 |
| धावड़ा | 54.290 | - | 166 | 6.213 | - | - | 60.503 | - | 166 |
| कसही | 14.269 | 9 | 32 | 3.115 | - | - | 17.384 | 9 | 32 |
| हल्दू | 10.903 | 20 | 11 | 2.532 | 2 | 4 | 13.435 | 22 | 15 |
| तिन्सा | 24.470 | - | 70 | - | - | - | 24.470 | - | 70 |
| अन्य | 19.849 | - | 38 | 3.121 | - | - | 22.970 | - | 38 |
| योग :- | 446.330 | 33 | 508 | 94.070 | 34 | 102 | 540.400 | 67 | 610 |

टीप :- व्यापारी पंजीयन प्रमाण पत्र एवं PAN No / GST No. प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

किसी भी व्यक्ति को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व नीलाम की शर्तों का पालन करने के करार के प्रतीक स्वरूप विक्रय सूचना पर हस्ताक्षर करना होगा तथा प्रत्येक लॉट के सम्बंध में बोली लगाने के पूर्व जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% के बराबर या 1000/- रू. इनमें से जो अधिक हो, बयाने की राशि जमा करना होगा।

वन मंडलाधिकारी
कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

G-242500142/2

## सोना 71,800 रु. पर स्थिर चांदी 200 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, सोमवार को सोने में सपाट कारोबार हुआ, जबकि शुक्रवार को कॉमेक्स हाजिर सोने में 3.45 प्रतिशत की गिरावट आई थी जो अगस्त, 2021 के बाद सबसे अधिक है। चांदी की कीमत 200 रुपये बढ़कर 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें पिछले बंद से अपरिवर्तित रहकर 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।'

# टी-20 विश्व कप इतिहास में द.अफ्रीका का पॉवरप्ले में सबसे खराब प्रदर्शन, भारत का नाम नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के 16वें मुकाबले में भले ही नीदरलैंड को हरा दिया हो, लेकिन इस मुकाबले में उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। दक्षिण अफ्रीका ने पॉवरप्ले के दौरान 4 विकेट खोकर सिर्फ 16 रन बनाए थे। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पॉवरप्ले के दौरान उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। टी-20 विश्व कप में पॉवरप्ले के दौरान अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली टीमों पर भारत का नाम नहीं है।

**पाकिस्तान- 4/13**

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को साल 2014 के विश्व कप में धो डाला था। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 166 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान सिर्फ 82 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पॉवरप्ले के दौरान पाकिस्तान ने 4 विकेट खोकर सिर्फ 13 रन बनाए थे। सैमुअल बद्री और सुनील नरेन ने 3-3 विकेट अपने नाम किए थे।

**वेस्टइंडीज- 2/14**

साल 2012 का टी-20 विश्व कप फाइनल वेस्टइंडीज और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच खेला गया था। इस मुकाबले में एंजेलो मैथ्यूज ने जॉनसन चार्ल्स को पहले ही ओवर में आउट कर दिया था। इसके बाद छठे ओवर में क्रिस गेल को अजंथा मेंडिस ने पवेलियन भेजा। वेस्टइंडीज का स्कोर 6 ओवर के बाद 2/14 का था। हालांकि, इसके बावजूद मार्लोन सैमुअल्स के 78 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 137/6 का स्कोर बनाकर फाइनल अपने नाम कर लिया था।

**नीदरलैंड- 4/15**

साल 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ नीदरलैंड सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई थी। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे छोटा स्कोर है। पहले 6 ओवर में नीदरलैंड ने सिर्फ 15 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए थे। मैथ्यूज ने पॉवरप्ले के दौरान 3 विकेट अपने नाम किए थे। नुवान कुलशेखरा को 1 सफलता मिली थी। इस मुकाबले को श्रीलंका ने 9 विकेट से अपने नाम कर लिया था।

**दक्षिण अफ्रीका 4/16**

टी-20 विश्व कप 2024 में नीदरलैंड के खिलाफ पॉवरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के 4 बल्लेबाज सिर्फ 16 रन पर पवेलियन में थे। पारी की पहली गेंद पर क्विंटन डिकॉक रन आउट हो गए थे। रीजा हेंड्रिक्स सिर्फ 3 रन बनाकर अगले ही ओवर में पवेलियन लौट गए। एडेन मार्करम खाता भी नहीं खोल पाए। हेनरिक क्लासेन ने 7 गेंदों का सामना किया और 4 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ने 104 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।

## टी-20 विश्व कप : सबसे कम रन पर युगांडा ही नहीं नीदरलैंड टीम भी हो चुकी है ऑलआउट

टी-20 विश्व कप 2024 के 18वें मुकाबले में युगांडा क्रिकेट टीम को करारी हार मिली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पूरी टीम सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 173 रन बनाए थे। इसी के साथ युगांडा ने टी-20 विश्व कप के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे छोटा स्कोर बनाया है। विश्व कप में युगांडा ही नहीं बल्कि और भी कई टीमें हैं जो सबसे कम रन पर ऑल-आउट हो चुकी हैं।

**39- नीदरलैंड बनाम श्रीलंका, 2014**

नीदरलैंड क्रिकेट टीम साल 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पूरी टीम ने सिर्फ 10.3 ओवर बल्लेबाजी की थी। टॉम कूपर ने सबसे बड़ी पारी (16) खेली थी। उन्हें छोड़ कोई बल्लेबाज 10 रन भी नहीं बना पाया था। एंजेलो मैथ्यूज और अजंथा मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंका ने 5 ओवर में सिर्फ 1 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया था।



**39- युगांडा बनाम वेस्टइंडीज, 2024**

वेस्टइंडीज के खिलाफ 174 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा पहले ओवर से ही दबाव में आ गई थी। टीम के 10 बल्लेबाज तो 10 रन का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए। जुमा मियागी ने सर्वाधिक नाबाद 13 रन बनाए। इसके अलावा 2 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। पॉवरप्ले तक ही टीम के 19 रन पर 5 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। वेस्टइंडीज से अकील होसेन ने 5 विकेट चटकाए।

---

### खबर संक्षेप



#### रंधावा 'लीजेंड्स टूर' में शीर्ष 10 में शामिल रहे

**नवारिनो (यूनान)।** भारतीय गोल्फर ज्योति रंधावा ने यहां लीजेंड्स टूर यूरोप में पहले सत्र में खेलते हुए कोस्टा नवारिनो लीजेंड्स टूर ट्राफी में शीर्ष 10 स्थान हासिल किया। लीजेंड्स टूर क्वालीफाइंग स्कूल जीतने वाले रंधावा ने अंतिम दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त नौवें स्थान पर रहे। इससे पहले उन्होंने 68 और 66 के कार्ड खेले थे। इससे 54 होल में उनका कुल स्कोर नौ अंडर का रहा।

#### ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय

**सिडनी।** पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे।

---

### टी-20 विश्व कप : अपनी शुरुआती दो मैच हार चुकी है पाकिस्तान

# पाक को पहली जीत का इंतजार कनाडा से आज होगा मुकाबला

मैच आज नसाउ काउंटी स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात्रि 8 बजे से

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 के 22वें मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना कनाडा क्रिकेट टीम से 11 जून को नसाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। पाकिस्तान को अपने शुरुआती 2 मैचों में हार मिली है और अब बाबर आजम के नेतृत्व वाली टीम अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी।

सुपर-8 की दौड़ में बने रहने के लिए पाकिस्तान को जीत बेहद जरूरी है। पाकिस्तान और कनाडा के बीच होने वाला यह मैच 11 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है।

पाकिस्तान को अपने पिछले मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के विरुद्ध 6 रन से शिकस्त मिली थी। उस मैच में पाकिस्तानी टीम जीत के लिए मिले सिर्फ 120 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी थी। अब जीत के लिए महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



#### पाकिस्तान ने जीता है इकलौता मैच

अब तक दोनों टीमें सिर्फ 1 टी-20 मैच में आपस में भिड़ी हैं, जिसमें पाकिस्तान ने 35 रन से जीत दर्ज की थी। 2008 में खेले गए उस मैच में सलमान बट्ट ने 74 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ ने अपने पिछले मैच में भारत के विरुद्ध उम्दा गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट अपने नाम किए थे।

## द.अफ्रीका ने बांग्लादेश को चार रन से हराया

**न्यूयॉर्क।** हेनरिक क्लासेन की जुझारू पारी के बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को चार रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तौहीद हृदय (37 रन, 34 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और महमूदुल्लाह (20 रन, 27 गेंद, दो चौके) के बीच पांचवें विकेट की 44 रन की साझेदारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सका।



#### दोनों टीमों के गेंदबाजों का प्रदर्शन

दक्षिण अफ्रीका की तरफ से महाराज ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एनरिच नोर्किया ने 17 और कागिसो रबाडा ने 19 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। मार्को यानसेन ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने 18 रन देकर तीन जबकि तास्किन अहमद ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

---

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025

## लाहौर में खेला जा सकता है भारत-पाकिस्तान मुकाबला



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की संभावित मेजबानी के तहत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार कर इसका शुरुआती प्रस्ताव इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल को भेज दिया है। टूर्नामेंट में 20 दिनों में 8 टीमों के बीच कुल 15 मैच खेले जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार, लीग मैचों में आखिरी मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इसका आयोजन लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में करने की योजना है। पीसीबी का मानना है कि लाहौर, भारत के बिल्कुल करीब है और टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम को यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इससे उसकी सुरक्षा चिंता कम होगी। हालांकि आईसीसी ने अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है।

#### कैसा होगा टूर्नामेंट का कार्यक्रम?

प्रस्ताव के अनुसार, टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक किया जा सकता है। इसके तहत लाहौर में 7, रावलपिंडी में 5 और कराची में 3 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच कराची में और फाइनल मुकाबला लाहौर में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

#### भारत के पाकिस्तान पर जाने पर बना हुआ संशय

इस योजना के बाद भी भारत के अभी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने को लेकर संशय बना हुआ है। इसका कारण दोनों देशों के बीच तनाव और पिछले साल एशिया कप के लिए भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करना है। यदि भारत सरकार टीम भेजने से इनकार करती है तो एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैच अन्य स्थान पर आयोजित हो सकते हैं। ऐसे में भारत के वहां जाने पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। यदि पाकिस्तान इस मेगा टूर्नामेंट का आयोजन करता है तो यह पहली बार होगा, जब उसे इस टूर्नामेंट की मेजबानी मिलेगी।

---

### अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज

## पाक के खिलाफ पहली बार ऑलआउट हुई टीम इंडिया



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी-20 विश्व कप 2024 के 19वें मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम के नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। वह पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में महज 119 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह टी-20 विश्व कप इतिहास में पहला मौका है, जब भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ ऑलआउट हुई है। भारतीय टीम के बल्लेबाजी बेहद निराशाजनक रही और बल्लेबाज अपने विकेट फेंककर चलते बने।

#### टी-20 विश्व कप में 8 बार भिड़ चुकी हैं दोनों टीमें

टी-20 विश्व कप इतिहास में भारत और पाकिस्तान का 8 बार आमना सामना हुआ है। इसमें भारतीय टीम ने 5 में जीत दर्ज की है, जबकि 1 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह एक मैच टाई हुई था, लेकिन बॉल आउट में भारत ने उसमें जीत हासिल की थी। इन सभी 8 मैचों में भारतीय टीम पहली बार ऑलआउट हुई है। इससे पहले उसके मैच में अधिकतम 9 विकेट ही गिरे थे।

#### भारत की पारी?

भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 119 रन बनाए। पाकिस्तान को जीत के लिए 120 रन का लक्ष्य मिला है। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। उनके अलावा अक्षर पटेल ने 20 और कप्तान रोहित शर्मा ने 13 रन की पारी खेली। 8 बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और हारिस रऊफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3-3 विकेट चटकाए।

#### रोहित बहुत अनुभवी कप्तान : पोंटिंग

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने यहां टी20 विश्व कप में पाकिस्तान पर भारत की छह रन की जीत में रोहित शर्मा की 'शानदार' कप्तानी की सराहना की और छोटे स्कोर का बचाव करते हुए जिस तरह से उन्होंने अपने गेंदबाजों का समर्थन किया, उसके लिए उनकी प्रशंसा की।

## छेत्री के बिना कतर के खिलाफ आज मैच में उतरेगी भारतीय टीम

**दोहा।** करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के संन्यास लेने के बाद बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी भारतीय फुटबॉल टीम की पहली परीक्षा फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में मंगलवार को यहां कतर जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होगी। मैच भारतीय समयानुसार रात 9.15 बजे शुरू होगा।भारतीय टीम का नेतृत्व 32 वर्षीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू करेंगे जिन्होंने अभी तक 72 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं तथा छेत्री के संन्यास लेने के बाद 23 सदस्यीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। छेत्री ने पिछले सप्ताह कोलकाता में कुवैत के खिलाफ अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

डॉ.वाशानी दर-दाँत गम पेंट
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें 94060-21769
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुन: लगा दें।
HMS शिव मस्सा नाशक

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029 समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133




Best in segment



प्रीमियम अपहोल्स्टरी के साथ बड़ा कैबिन

Best in segment



60+ ब्लूलिंक फीचर्स के साथ 20.32 cm (8") का HD इन्फोटेनमेंट*

1st in segment



6 एयरबैग्स स्टैंडर्ड (ड्राइवर, पैसेंजर, साइड और कर्टेन)

1st in segment



ड्यूअल कैमरा वाला डैशकैम

1st in segment




हिल-स्टार्ट असिस्ट कंट्रोल (HAC)

1st in segment



पैडल शिफ्टर्स

1st in segment




टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (TPMS) - हाईलाइन

1st in segment



रियर AC वेंट्स




क्रूज़ कंट्रोल




पुश बटन स्टार्ट/स्टॉप



वॉयस द्वारा इनेबल्ड स्मार्ट इलेक्ट्रिक सनरूफ

4-सिलेंडर इंजन



• 1.2 l कप्पा पेट्रोल इंजन
• MT और AMT

इको फ्रेंडली CNG में भी उपलब्ध

दमदार परफॉर्मेंस

MAHESHWARI

**40+ एडवांस्ड सेफ्टी फीचर्स***

Scan to chat with us

my Hyundai app

Hyundai Cl!ck to Buy

3 YEAR Unlimited Kilometer Warranty

UPTO 7 YEARS Extended Warranty^

3 YEAR Road Side Assistance (RSA)*

HYUNDAI

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Running Repair Package*

UPTO 5 YEARS Shield of Trust Super Maintenance Package*

Bluelink 3 Years free Bluelink subscription*

*Terms & Conditions apply. Price mentioned is Ex-showroom. Features & specifications shown may vary or not be part of standard fitment & are subject to change without prior notice. Some of the features, specifications or equipment illustrated or described herein may not be standard fitment and may be available at additional cost. Hyundai Motor India reserves the right to change specifications, colour, equipment and schemes at any time without prior notice. Segment is defined based on SUV dimensions of overall length between 3 800 - 3 900 mm. **Warranty upto 3 Years or unlimited km whichever occurs earlier. ^Upto 7 years extended warranty on chargeable basis for petrol variants and upto 5 years extended warranty on chargeable basis for CNG variants. Please note that the extended warranty mentioned for all variants is inclusive of the 3 years unlimited kilometer warranty. The CNG kit is warranted directly by CEV Engineering (P) Ltd. Functionality of Bluelink depends on adequate power supply and uninterrupted network connectivity to infotainment system. The Bluelink system is designed in such a way that it makes vehicle theft difficult subject to adequate power supply, uninterrupted network connectivity to informant system and all circuits and battery connection are untampered. Technical specifications have been rounded-off to the nearest value. Deployment of airbags depends upon number of factors explained in detail in owner's manual, available on Hyundai website. The colour of the car shown herein may vary from the actual colour of the car due to the limitations of the printing process. The black shade on glasses is due to lighting effect. Visit your nearest Hyundai dealership for more details. Hyundai urges you to follow traffic rules – these are meant to keep you safe on roads.

**For Information Contact: Toll Free: 1800114645, Raipur:** Shivnath Hyundai, GE Road, Tatibandh Mob. 9685045126, 9285008566, 8269831021. 9981991744. **Telibandha:** 9179040081. **Dhamtari:** 7970002903. **Mahasamund:** 7470777628. **Baloda Bazar:** 7470777629. **Gariyaband:** 7440411843. **Rajnandgaon:** 9755092026. **Raipur:** Shankara Hyundai, Nr. Pandri Thana, Mowa, Vidhan Sabha Road, Mob. 9111000510, 6262700000, 9111000589, 9111000502, 9111000509. **Saraipali:** 6262000501. **Bhatagaon:** Shankara Hyundai Opp. Wallfort City, Ring Road No.1, Raipur. Mob. 9111000504, 9111000512. **Raipur:** Mangalam Hyundai, Opp. Reliance Petrol Pump, Dhamtari Road, Devpuri, Mob. 8435001108, 8827596969, 9669801199, 9826908833, **Tilda:** Mob. 8435001220, **Kawardha:** Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 78801 33184. **Bemetara:** Beside Bajaj Showroom, Kobia, Raipur Road Mob. 8435001480. **Bhilai:** Shivnath Hyundai, Shivnath Commercial Complex, GE Road, Supela, Mob. 0788 6685555, 7049917535, 7049917534, **Durg:** 9981991789, **Rajnandgaon:** 9755092026. **Balod:** Shankara Hyundai Durg Road, Jhalmala Balod Mob. 6262000545. **Kawardha:** Mangalam Hyundai Talpurkhar, Bilaspur Road Mob. 7880118235. **Jagdalpur:** Shivnath Hyundai Semi Urban Industrial Area, Nayamunda Road, Mob. 9981991862, 9685045125, 7440414615. **Kanker:** 7470777559.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com